हरिभूमि
रायपुर भूमि




# रोजाना लोकल ट्रेन चलाने में 19 हजार खर्च यात्रियों से किराया मिल रहा महज एक हजार

ललित राठोड़ ▸▸| रायपुर

9 साल लंबे इंतजार के बाद आखिरकार रेलवे ने रायपुर से अभनपुर वासियों को ट्रेन की सुविधा दी लेकिन लोकल ट्रेन को अभी भी यात्रियों के सफर का इंतजार है। यात्रियों की संख्या अभी भी काफी कम है, जिससे रेलवे के लिए ट्रेन चलाने का खर्च निकालना भी मुश्किल हो गया है। पहले दिन की बात करें, तो 500 से अधिक सीटों में से महज 128 यात्रियों ने 10 रुपए किराए पर मेमू ट्रेन में सफर किया था, जिससे रेलवे को ▸▸|शेष पेज 15 पर

**यह है ट्रेन का सफर**

- 68760 रायपुर से सुबह 9:00 बजे और अभनपुर से सुबह 10:20 बजे रायपुर के लिए।
- 68762 रायपुर 16:20 बजे और 68763 अभनपुर से 18:10 बजे रायपुर के लिए रवाना होगी।


## 500 सीटों में से सिर्फ 50 सीटों पर यात्री

रायपुर से अभनपुर जाने के लिए लोकल ट्रेन में यात्री कम मिल रहे हैं। पिछले पांच दिनों में सर्वाधिक यात्री ने अभनपुर से रायपुर के लिए सफर किया है। जब हरिभूमि ने इसकी पड़ताल की, तो यह सामने आया कि 500 से अधिक सीटों वाली लोकल ट्रेन में सुबह अभनपुर से औसतन केवल 20 से 30 यात्री ही सफर कर रहे हैं। शाम के वक्त यह संख्या घटकर 15 से 20 तक पहुंच जाती है। वहीं, रायपुर से अभनपुर के लिए शाम के समय भी गिनती के ही यात्री मिल रहे हैं।

## इस तरह समझें ट्रेन चलाने का खर्च

रायपुर से अभनपुर की दूरी 37 किलोमीटर है, और रेलवे विशेषज्ञों के मुताबिक, इतनी दूरी में लोकल ट्रेन चलाने में भारतीय रेलवे को लगभग 740 यूनिट बिजली की खपत होती है, जो प्रति किलोमीटर 20 यूनिट बिजली की खपत के हिसाब से है। रेलवे प्रति यूनिट बिजली के लिए लगभग 6.50 रुपये का भुगतान करता है। इस हिसाब से 740 यूनिट बिजली का खर्च लगभग 4810 रुपये होता है। ट्रेन दिन में दो बार रायपुर से अभनपुर और दो बार अभनपुर से रायपुर जाती है। यानी एक दिन में कुल चार राउंड के लिए ट्रेन चलाने का खर्च लगभग 19240 रुपये आता है। हालांकि, वर्तमान में लोकल ट्रेन में 100 से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं, जिससे लगभग 1,000 रुपये का राजस्व प्राप्त हो रहा है। लेकिन इस मामूली राजस्व से ट्रेन चलाने का खर्च निकालना रेलवे के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-घान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

### विहार के लिए तीन तरह की बोट उतारने का प्लान हवा-हवाई

# इसका हिसाब कौन देगा...? 5 करोड़ का फाउंटेन पांच माह भी नहीं चला, मेंटनेंस की तख्ती लगाए 6 महीने बीते

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बूढ़ातालाब का सौंदर्यीकरण करने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 5 करोड़ खर्च कर तालाब की सुंदरता बढ़ाने म्यूजिकल फाउंटेन लगवाया। कांग्रेस शासन काल में महापौर एजाज ढेबर ने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों आनन-फानन में इसे लोकार्पित कराया गया, पर रंगीन रोशनी के बीच संगीत की स्वर लहरी में चलने वाला 5 करोड़ी फौवारा 5 महीने भी नहीं चल पाया। दानी स्कूल साइड के परिक्रमा पथ से नीलाभ उद्यान तक आने-जाने के लिए फ्लोटिंग डेक एक अरसे से वीरान पड़ा है। वहीं म्यूजिकल फाउंटेन की मरम्मत कराने की तख्ती 6 माह से लोगों को मुंह चिढ़ाती नजर आ रही है। पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी का पूरा फोकस इस समय चौपाटी खड़ा करने पर है।

राजधानी के बूढ़ातालाब की भव्यता बढ़ाने और बाहर से आने-जाने वालों के लिए सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने रायपुर स्मार्ट सिटी ने दो फेज में ▸▸|शेष पेज 15 पर

## पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी का फोकस चौपाटी पर

### रूफ टॉप चौपाटी का चल रहा काम


बूढ़ापारा के स्थानीय निवासी सामाजिक संस्था और जनसंगठनों द्वारा री-क्रियेशन जोन के नाम रूफ टॉप चौपाटी निर्माण का चौतरफा विरोध के बाद भी चौपाटी निर्माण का काम रुका नहीं है। लोगों के टहलने के लिए बनाये गये पाथवे को घेरकर अनुबंधित एजेंसी द्वारा लोहे के बड़े-बड़े कंटेनर लगाकर चौपाटी निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इसे फूड जोन का स्वरूप देने की तैयारी चल रही है, जहां खाने-पीने की सामग्री गुमटीनुमा ढांचा में बेची जाएगी।



### नौका विहार के लिए 3 तरह की बोट का इंतजार

सूत्रों के मुताबिक पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी द्वारा विवेकानंद सरोवर में लोगों के लिए नौका विहार की सुविधा देने 3 तरह की बोट लाने की तैयारी रही। ये बोट थ्री सीटर,फोर सीटर और सिक्स सीटर के रूप में आना था, लेकिन 6 माह बीतने के बाद भी राजधानवासियों को सरोवर में नौका विहार की सुविधा नहीं मिल पायी। चूंकि बूढ़ातालाब में फ्लोटिंग डेक पूर्व में बनाया गया है, ताकि नीलाभ गार्डन से परिक्रमा पथ वाले मार्ग पर नौका विहार करने वाले आसानी से आना-जाना कर सकें।

# 6 सहेलियों ने फिल्मी अंदाज में की मारपीट, चाकूबाजी और लूट का आरोप, सभी फरार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

ओडिशा, बलांगीर की एक युवती ने अपनी छह सहेलियों पर मारपीट और लूट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता फैशन डिजायनर है। उसका आरोप है कि सहेलियों ने उसका नहाते हुए अश्लील वीडियो बनाया है। मारपीट की वजह ब्वाय फ्रेंड विवाद बताया जा रहा है। मारपीट करने वाली लड़कियां कोरबा की रहने वाली हैं, घटना के बाद सभी आरोपी फरार हैं। घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र के भावना नगर की है। भावना नगर में पिछले सात ▸▸|शेष पेज 15 पर

- **मारपीट करने वाली लड़कियों पर फैशन डिजाइनर की नहाते हुए अश्लील वीडियो बनाने का आरोप**

### ब्वायफ्रेंड के चक्कर में पिटाई की चर्चा

लड़कियों का आपस में किसी लड़के को लेकर विवाद था। इनमें से एक लड़की का युवक से ब्रेकअप हो चुका है, लेकिन उसके बावजूद युवक की पर्सनल लाइफ में दखलअंदाजी को लेकर रहनुमा का अपने सहेलियों के साथ विवाद हुआ। इसी बात को लेकर उनके बीच मारपीट की घटना हुई।







॥ नाम जिसका राम है, अयोध्या जिनका धाम है
ऐसे रघुनंदन के चरणों में प्रणाम है ॥

॥ गरज उठे गगन सारा, समंदर छोड़े अपना किनारा
हिल जाए जहां सारा, जब गूंजे जय श्री राम का नारा ॥










# रामनवमी


## की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

राम नवमी का पावन पर्व सम्पूर्ण भारतवर्ष में आस्था, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व न केवल भगवान श्रीराम के जन्म की स्मृति दिलाता है, बल्कि मर्यादा, आदर्श और धर्म की स्थापना का प्रतीक भी है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को अयोध्या नगरी में भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। उनका जीवन हर युग में मानवता के लिए एक प्रेरणा रहा है। वे एक आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, और आदर्श राजा के रूप में पूजे जाते हैं।

राम नवमी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों का जीवंत उदाहरण है। इस दिन देशभर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन और शोभायात्राएं आयोजित की जाती हैं। अयोध्या, भगवान राम की जन्मभूमि, इस अवसर पर दीपों और फूलों से सजाई जाती है, और लाखों श्रद्धालु वहां आकर प्रभु श्रीराम के चरणों में अपनी आस्था अर्पित करते हैं।

राम का नाम लेने मात्र से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उनके जीवन से हमें यह शिक्षा मिलती है कि सत्य की राह पर चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ क्यों न आएं, हमें अपने कर्तव्यों और सिद्धांतों से कभी विचलित नहीं होना चाहिए। भगवान राम ने अपने जीवन में हर उस चुनौती को स्वीकार किया जो धर्म की रक्षा और समाज में न्याय की स्थापना के लिए आवश्यक थी। उनके आदर्श आज भी हर पीढ़ी को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

इस पावन अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि हम अपने जीवन में भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करेंगे और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का वातावरण बनाएंगे।












## खबर संक्षेप

### डॉ. राय बने आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान के निदेशक



**रायपुर।** कृषि वैज्ञानिक और पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. पीके राय ने शनिवार को आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, रायपुर के निदेशक का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले, डॉ. राय ने 2017 से 2025 तक आईसीएआर-सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर के निदेशक के रूप में कार्य किया, जहां उन्होंने कई अहम सुधार किए। डॉ. राय ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से पादप रोग विज्ञान में स्नातकोत्तर एवं पीएचडी की डिग्री प्राप्त की।

### जैन महिलाओं ने दानी स्कूल को दिया वाटर कूलर



**रायपुर।** विवेकानंद नगर, शैलेंद्र नगर, टैगोर नगर जैन समाज की महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ के सबसे बड़ी कन्या विद्यालय जेआर दानी स्कूल कालीबाड़ी को एक वाटर कूलर प्यूरीफायर (वाटर फिल्टर) सहित प्रदान किया। लोकार्पण सादगीपूर्ण तरीके से किया गया, जिसमें विशेष अतिथि राजेश जैन, किरण मुथा, बसंती तालेड़ा, रंजना महावर एवं शाला के प्राचार्य दीवान सर भी उपस्थित थे।

### पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन आज

**रायपुर।** तेरा साथ संस्था द्वारा राजधानी में मैग्नेट मॉल में 6 अप्रैल को सुबह 10 बजे से पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में विधवा, विधुर, तलाकशुदा पुरुष व महिलाएं शामिल हो सकती हैं। इसके अलावा सभी समाज व वर्गों के पुनर्विवाह के इच्छुक उम्मीदवार शामिल होंगे।

## निधन



### पुष्पाबेन शाह

**रायपुर।** नेमीचंद गली रामसागर पारा निवासी पुष्पाबेन दिनेशभाई शाह का 4 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पारस नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रवीण मानेकजी मैशेरी की बहन और नित्तल उन्मेष भाटे, शीतल परेश लोडाया, मित्तल मुकेश दंड की माता थीं।

### उर्मिला वर्मा

**रायपुर।** ग्राम टेकारी (कुंडा) निवासी उर्मिला वर्मा (85) का 5 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे टेकारी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. गजराज वर्मा की पत्नी, अशोक, संतोष और पार्वती वर्मा की माता थीं।

# शहर जोड़ने की योजना में हवाई यात्रियों का टोटा, बंद हो चुकी जगदलपुर फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के भीतर शहरों को आपस में हवाई मार्ग से जोड़ने में यात्रियों का टोटा आड़े आ रहा है। कम यात्रियों की वजह से रायपुर-जगदलपुर की उड़ान ठंडे बस्ते में जा चुकी है। वहीं अंबिकापुर, रायपुर, बिलासपुर को हवाई मार्ग से जोड़ने की योजना भी प्रभावित होती नजर आ रही है। जगदलपुर की फ्लाइट ठंड के मौसम में बंद हुई, मगर योजना के बाद इसे गर्मी में भी शुरू नहीं किया गया। तीन शहरों को जोड़ने वाली फ्लाइट छह दिन की योजना के साथ प्रारंभ हुई, जो अब तीन दिन संचालित हो रही है।

■ **अंबिकापुर की उड़ान भी हो रही प्रभावित**

## रायपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर के बीच हवाई सफर, यात्री कम तो तीन दिनी उड़ान

### जगदलपुर-रायपुर के बीच तीन कंपनी

जगदलपुर और रायपुर के बीच एयर कनेक्टिविटी के लिए सबसे पहले एयर ओडिशा ने फ्लाइट शुरू की। कंपनी कुछ दिन नियमित रूप से चली फिर यात्री के अभाव में इसका संचालन बंद हो गया। इसके बाद अलायंस एयर ने रायपुर-जगदलपुर के बाद हैदराबाद को जोड़ने फ्लाइट शुरू की। फ्लाइट जगदलपुर-हैदराबाद के बीच नियमित तरीके से चलते रही मगर सप्ताह में दो अथवा तीन दिन के लिए रायपुर के लिए यात्री नहीं मिले जिसकी वजह से संचालन स्थगित किया गया। इस बीच इंडिगो ने रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद सेक्टर के लिए उड़ान संचालित कर रही थी मगर दो से ढाई हजार में यात्री नहीं मिलने के कारण विंटर शेड्यूल में इसे बंद कर दिया।



### ऑनलाइन तरीके से टिकट बुकिंग

फ्लाय बिग रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर को जोड़ने वाली फ्लाइट संचालित कर रही है। इसके लिए ऑनलाइन तरीके से टिकट बुकिंग किया जा रहा है। ट्रैवहल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कंपनी ने एयरपोर्ट सहित सिटी में भी बुकिंग काउंटर नहीं बनाया है। इस फ्लाइट का फेयर भी टैक्स मिलाकर दो हजार तक है मगर कोई भी उड़ान पूरी क्षमता यानी 18 सीटर यात्रियों के साथ संचालित नहीं हो पा रही है।

क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत राज्य के भीतर विभिन्न शहरों को वायुमार्ग के माध्यम से राजधानी रायपुर से जोड़ने की योजना बनाई गई थी। इसके तहत सबसे पहले रायपुर-जगदलपुर की विमान सेवा शुरू की गई। कुछ समय बाद ही इस फ्लाइट के लिए कम यात्री की समस्या आन खड़ी हुई और एयरलाइंस कंपनियों ने इस सेक्टर में विमान का संचालन करने से हाथ खड़ा कर दिया। दिसंबर के महीने में एक नयी एयरलाइंस कंपनी ने रायपुर से अंबिकापुर, बिलासपुर के बीच विमान सेवा की शुरूआत की। यात्रियों की संभावना के आधार पर यहां छोटा एयरक्राफ्ट (18 सीटर) विमान शुरू किया गया। शुरूआत में फ्लाइट सप्ताह में 6 दिन चली फिर उसे 5 दिन किया गया और वर्तमान में विमान सप्ताह में 3 दिन आवाजाही कर रही है।

# 10 दिनों से केंद्रीय टीम का शहर में डेरा, आसपास के निकायों का स्वच्छता सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में दिल्ली से केंद्र की टीम छत्तीसगढ़ के निकायों में सफाई की ताजा स्थिति को लेकर सर्वे में जुटी है। देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण के तीसरे चरण का सर्वे पूरा होने के बाद केंद्रीय टीम प्रदेश के निकायों को अंक देगी। सूत्रों के मुताबिक पिछले दस दिनों से स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में सेंट्रल की टीम शहर में डेरा डाले हुए है, जो अभी आसपास के नगरीय निकायों में घूम-घूमकर सर्वे कर रही है। रायपुर शहर में यह टीम कभी भी फील्ड में मुक्कड़ और सफाई की धरातल पर स्थिति परखने उतर सकती है। इस बात को लेकर निगम प्रशासन एलर्ट मोड में है। सफाई महकमे को इस बात की चिंता है कि 2 दर्जन से ज्यादा मुक्कड़ कहीं रैंकिंग का रास्ता ना रोक ले। गारबेज फ्री सिटी बनने में यह सबसे बड़ा रोड़ा है।

■ **2 दर्जन मुक्कड़ को लेकर सता रही चिंता**

शहर में मुक्कड़ और सफाई को लेकर नगर निगम प्रशासन लाख दावे करे पर असली परीक्षा की घड़ी अब शुरू होने वाली है। सेंट्रल की टीम का तीसरा राउंड जल्द शुरू होने वाला है। इस बार गारबेज फ्री सिटी, ओडीएफ डबल प्लस और वाटर प्लस की श्रेणी में मूल्यांकन करने 3 टीमें शहर में सर्वे करने अलग-अलग हिस्सों में जाएगी।

## अलर्ट मोड में निगम




### 10 लाख से अधिक आबादी , 4337 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा

देश के 10 लाख से अधिक आबादी वाले 4 337 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर यह प्रतिस्पर्धा है। देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग के लिए होने वाला तीसरे चरण का सर्वे काफी अहम माना जा रहा है। अब तक हुए देशव्यापी केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर शहर ने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी धाक बरकरार रखी। लगातार 5 साल तक इंदौर को देश के नंबर वन स्वच्छ शहर होने का तमगा मिला। पिछले बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर और सूरत शहर को संयुक्त रूप से देश का नंबर वन स्वच्छ शहर घोषित किया गया। जबकि रायपुर शहर के 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की स्वच्छता रैंकिंग में 11 वीं पायदान पर संतोष करना पड़ा। इस बार रैंकिंग सुधारने नगर निगम प्रशासन ने अपनी पूरी टीम इस कार्य में झोंक दी है। सफाई व्यवस्था पर नजर रखने अपर आयुक्त, उपायुक्त, प्रभारी उपायुक्त सहित जोन अधिकारी के साथ में फील्ड में उतरे हैं।

# किराए की मशीन के भरोसे नालों की सफाई, संसाधन का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के बड़े नालों की सफाई के लिए नगर निगम के पास पर्याप्त संसाधन नहीं है। इसी कारण हर साल सफाई विभाग को बारिश के सीजन में किराये की पोकलेन मशीन से नाले की सफाई कराने की नौबत आती है। इस चक्कर में कुछ बड़े नाले की सफाई आधी अधूरी ही हो पाती है। इससे नाला जाम होने से जलभराव का खतरा बना रहता है। दस जोन में 10 बड़ी पोकलेन मशीन और 5 छोटी मशीन की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग ने 8 बड़ी पोकलेन मशीन और 5 छोटी मशीन खरीदने का प्रस्ताव बनाकर भेजा है।

■ **8 बड़ी पोकलेन और 5 छोटी मशीन खरीदेगा निगम**

दरअसल, रायपुर नगर निगम के 10 जोन स्थित शहर के बड़े नाले और नालियों की सफाई कराना निगम प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती रहती है। खासकर के बारिश के सीजन में सभी दस जोन के लिए 10 पोकलेन मशीन होने चाहिए, पर वर्तमान में केवल 2 बड़े पोकलेन



मशीन उपलब्ध है। साथ ही निकास नाली सफाई के लिए 5 छोटी मशीनों की भी जरूरत है। इस बात को ध्यान में रखते हुए सफाई महकमे ने नगर निगम के बजट में विभाग की ओर से 8 बड़े आकार की पोकलेन मशीन और 5 छोटी मशीन खरीदने का प्रस्ताव रखा है। इसी तरह शहर के प्रमुख मार्गों व सड़कों पर प्लास्टिक बॉटल, डिस्पोजल व प्लास्टिक पन्नी की सफाई का कार्य स्वचालित मशीन जटायु से कराया जाता है। सालभर पहले नगर निगम ने प्रयोग बतौर शहर के लिए 2 जटायु मशीनें खरीदी थी। ट्रायल के बाद बेहतर रिस्पांस मिला है। इसीलिए अब सभी जोन और निगम मुख्यालय के लिए 8 जटायु मशीन खरीदा जाएगा।

### एलएलबी स्टूडेंट्स राज्यपाल और उच्च शिक्षा मंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

**रायपुर।** रविशंकर शुक्ल विवि ने एलएलबी के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं, लेकिन इस परिणाम से राजधानी रायपुर के कुसुमताई दाबके कॉलेज के एलएलबी स्टूडेंट्स खुश नहीं हैं। उन्होंने आंसरशीट की सत्यता के साथ दोबारा जांच करने की मांग की है। इस संबंध में प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा, उच्च शिक्षा सचिव, शिक्षा मंत्री, रायपुर कलेक्टर, कुलपति को सभी स्टूडेंट्स ज्ञापन देने 7 अप्रैल को सुबह 12 बजे पहुंचेंगे। स्टूडेंट्स ने रायपुर कलेक्टर और कुलपति को ज्ञापन सौंपने का फैसला लिया है और मांग की है कि पुनर्मूल्यांकन कर छात्रहित में फैसला लिया जाए। एलएलबी पार्ट-1 सेमेस्टर प्रथम (विधि विभाग) के छात्र प्रणीत जैन एवं प्रांजल शर्मा रायपुर के सभी विद्यार्थियों के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। उनका कहना है कि जल्द से जल्द हमारे आवेदन का निराकरण कर पुनः जांच कर रिजल्ट घोषित नहीं किया जाता है तो हम सभी छात्र सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए भी तैयार रहेंगे।

# कैसे थमेगा मिलावट का कारोबार, होली में जांच रिपोर्ट का अब तक हो रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ज्यादा मुनाफा के लालच में खाद्य पदार्थों में मिलावट का कारोबार प्रदेश में काफी फल-फूल रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी रोकथाम के लिए कार्रवाई करने के दावे तो करते हैं, मगर इसमें औपचारिकता ज्यादा है। होली के दौरान जांच टीम ने प्रदेशभर से करीब पांच सौ खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जिसकी जांच रिपोर्ट का अब तक इंतजार किया जा रहा है। प्रदेश के लैब में जांच की सीमित सुविधा होने के कारण सैंपलों को जयपुर तक भेजा गया है। एफडीए की टीम सैंपलों की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कारोबारियों के खिलाफ मामला तैयार कर न्यायालय में पेश करती है। इस बार होली के दौरान प्रदेशभर के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के करीब पांच सौ सैंपल लिए गए थे। इनमें मिठाई-नमकीन के अलावा पनीर तथा अन्य खाद्य पदार्थ शामिल थे। छुट्टियों की वजह से डाक के माध्य से भेजे गए सैंपल त्योहार बीतने के बाद भी लैब तक पहुंचते रहे। यहां के लैब की क्षमता काफी सीमित है इसलिए करीब दो सौ सैंपलों को जांच के लिए जयपुर के अधिकृत लैब भेजा गया था। त्योहार काफी दिन बीत चुका है, मगर सैंपलों की पूरी रिपोर्ट एफडीए के अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाई है।

■ **लिए गए थे पांच सौ से ज्यादा सैंपल, छग के साथ जयपुर लैब में भी जांच**

**पनीर पर ज्यादा संदेह**

राजधानी में कुछ समय पहले नकली पनीर बनाने का मामला सामने आया था जिसके बाद विभागीय अधिकारी इसे लेकर काफी गंभीर थे। पनीर अथवा उससे बने अन्य खाद्य पदार्थ की जांच की गई मगर एक दो मामलों को छोड़कर ज्यादा में क्लीन चिट दिया गया। खोवा से बने खाद्य पदार्थों के भी जांच के दायरे में रखा गया था जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है। मिलावटी खोवा का बड़ा मामला कुछ साल पहले राजधानी में सामने आया था। उस दौरान कुछ कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी।

### मामला बेहद गंभीर नहीं

अधिकारियों के अनुसार राजधानी रायपुर में लिए गए कुछ सैंपलों की रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें खाद्य पदार्थों में किसी तरह के बड़े मिलावट का मामला सामने नहीं आया है। तर्क है कि जांच टीम अपने साथ वैन लैब भी लेकर चल रहर थी, संदेह होने पर खाद्य पदार्थों की उसके माध्यम से भी जांच की गई और जिसमें केमिकल, रंग अथवा अन्य तरह के घटिया खाद्य पदार्थ मिलाने की रिपोर्ट सामने आई, उसे तत्काल नष्ट करा दिया गया।

### शहीद चिरंजीव बघेल की प्रतिमा का अनावरण

**रायपुर।** ग्राम पथरी में गांव के सपूत शहीद चिरंजीव बघेल पिता स्व. मिलाप सिंह बघेल के परिवार द्वारा निर्मित उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर, माल्यार्पण कर प्रतिमा का अनावरण किया गया, इसके बाद कैप्टन अनिल कुमार शर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान हुआ। अतिथियों के आसन ग्रहण करने के बाद उनका पुष्पहार और गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। कैप्टन श्री शर्मा ने युवकों को सेना में भर्ती होने का आव्हान किया। राजेश तिवारी ने उपस्थित जनसमुदाय को देशप्रेम और अपने स्वयं को व्यसनों से दूर रहकर समाजसेवा करने का संदेश दिया।



## पेज 13 के शेष ...

### रोजाना लोकल ट्रेन ...

केवल 1280 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इसके बाद भी यात्रियों की संख्या में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। रायपुर से अभनपुर और फिर रायपुर के लिए दिनभर में केवल दो-दो बार चक्कर लगाती है, लेकिन सुबह और शाम के वक्त औसतन 40 से 50 यात्री ही सफर करते हैं। 5 दिन के बाद रेलवे को कुल मिलाकर केवल 5 से 6 हजार रुपए का किराया प्राप्त हुआ है, जो कि ट्रेन चलाने के खर्च को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। भविष्य में यात्रियों की संख्या में वृद्धि नहीं होने से रेलवे को यह सेवाएं जारी रखने में परेशानी आ सकती है।

*समय सारणी नौकरीपेशा यात्रियों के लिए सही नहीं :* रायपुर से अभनपुर के लिए अंतिम ट्रेन शाम 4:20 को है। हरिभूमि से बात करते हुए यात्रियों ने कहा कि रेलवे ने ट्रेन चलाने की सुविधा का विस्तार किया है, लेकिन समय सारणी उन यात्रियों के लिए सही नहीं बैठ रही है, जो रोजाना काम के सिलसिले में अभनपुर से नया रायपुर या रायपुर जाते हैं। अभनपुर से पहली ट्रेन 11:45 को रायपुर पहुंचती है, जो नौकरीपेशा यात्रियों के लिए सही नहीं है। अगर यह ट्रेन 10 बजे रायपुर पहुंच जाए, तो बस या निजी वाहन में सफर करने वाले यात्री ट्रेन में ही सफर करना शुरू करेंगे। इसके अलावा, रायपुर से अभनपुर की अंतिम ट्रेन शाम 4:20 को है। यदि इसे 6 बजे कर दिया जाए, तो रायपुर से अधिक संख्या में दैनिक यात्री अभनपुर के लिए इस ट्रेन का इस्तेमाल करेंगे।

### इसका हिसाब कौन ...

36 करोड़ खर्च कर सौंदर्यीकरण कराया। प्रथम फेज में तालाब के चारों ओर लोगों के आने-जाने की सुविधा के लिए परिक्रमा पथ का निर्माण, पाथवे और आकर्षक लाइटें लगवाई गईं। बूढ़ातालाब में मेट्रो सिटी की तर्ज पर 5 करोड़ खर्च कर आकर्षक म्यूजिकल फाउंटेन लगवाया गया। शुरुआत में शाम के समय रंगीन रोशनी के बीच यह अनोखा फाउंटन लोगों के बीच चर्चा में रहा, पर कुछ ही समय में यह फाउंटेन बंद हो गया। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने इसकी मरम्मत के लिये बाहर से दक्ष तकनीशियन भी बुलाये। पता चला, नोजल में कचरा फंसने से म्यूजिकल फाउंटेन काम नहीं कर रहा। नोजल बदलने के बाद इसे दोबारा शुरू किया गया, पर कुछ दिन तक यह ठीक चला, फिर बंद हो गया। हालत ये है कि म्यूजिकल फाउंटेन में लगे कलपुर्जे जंग लगने से खराब हो गये हैं। अनुबंधित एजेंसी ने एंट्री पाइंट पर सूचना की तख्ती लगा रखी है कि मेंटनेंस कार्य के लिए फाउंटेन बंद रखा गया है। यह मेंटनेंस कार्य कब पूरा होगा, यह बताने वाला कोई नहीं है।

### 6 सहेलियों ने फिल्मी...

वर्षों से किराए पर रह रही रहनुमा नाजिर ने अलीशा, अलीशा एम., दिव्या, मंजू, कोमल तथा रानी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रहनुमा ने पुलिस को बताया कि जब वो नहा रही थी, तब लड़कियां चाकू लेकर घर के अंदर घुसीं। बाथरूम के दरवाजे को लात मार कर खोला और उसका मोबाइल से वीडियो बनाने लगीं। साथ ही लड़कियों ने रहनुमा के बाल पकड़े और मारपीट की। रहनुमा ने मारपीट करने वाली लड़कियों के खिलाफ घर से कैश, सोने की अंगूठी और चेन चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया है।

*वीडियो जारी कर बताया घटनाक्रम :* रहनुमा रिपोर्ट दर्ज कराने शुक्रवार को थाने पहुंची थी। पुलिस ने शिकायत लेकर चलता कर दिया। इसके बाद उसने सोशल मीडिया में वीडियो जारी कर आपबीती शेयर की। उसके बाद सहेली कोमल का फोन आया। उसने कहा कि वह उसके घर आ रही है। इसके बाद वह बाथरूम में नहाने चली गई। इसी बीच शाम करीब 6 बजे मेन गेट से खटखटाने की आवाज आई। घर में एक दूसरी सहेली भी मौजूद थी, उसने दरवाजा खोला, तभी रहनुमा की सहेलियां घर के अंदर जबरन दाखिल हुईं। आरोप है कि लड़कियों के हाथ में चाकू था।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 6 अप्रैल 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937






रायपुर। पहली बार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर राजधानी में गरबा की धुन पर हजारों युवाओं ने एक साथ डांडिया खेला। गुजरात की पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में लोग गरबा नृत्य करने पहुंचे थे। मौका था हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के सहयोग से गुंजन आयोजन द्वारा आदिशक्ति स्तुति धार्मिक आयोजन का, जिसमें गरबा प्रेमियों ने देर रात तक माता के गीतों पर जमकर गरबा किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां जगदम्बे की सामूहिक आरती से हुई। इस दौरान गुजराती समाज द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया। गरबा महोत्सव में लोग अपने दोस्तों और परिवार के साथ पहुंचे थे। महाआरती के बाद जैसे ही गरबा गीतों की शुरुआत हुई, हर कोई खुशी से झूमने लगा। माता का नाम लेकर लोगों ने घेरा बनाकर नृत्य करना शुरू किया।

# गरबा की धुन पर झूमा शहर भक्ति गीतों पर थिरके कदम

## पहली बार चैत्र नवरात्रि पर गरबा महोत्सव, हजारों युवाओं ने किया नृत्य





हरिभूमि आईएनएच न्यूज की आदिशक्ति स्तुति में गरबा प्रेमी जमकर झूमे

### मंजीरा और डफली से बुजुर्गों ने बढ़ाया उत्साह

माड़ी रुमझुम करती आवी... गुजराती गाने के साथ गरबा की शुरुआत हुई, जिसके बाद नगाड़े संग ढोल की धुनें गूंजीं... ढोलिड़ा ढोल रे वगाड़... ढोली तारो ढोल बाजे... जैसे रिमिक्स गानों पर गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस जश्न की शाम में युवा वर्ग अनोखे और आकर्षक गुजराती परिधान में नजर आए। चैत्र नवरात्रि पर शारदीय नवरात्रि के जैसा ही लोगों में गरबा का उत्साह देखने को मिला। इस खास मौके पर बुजुर्ग महिलाओं का समूह भी शामिल हुआ, जिन्होंने मंजीरा, डफली और तालियों के साथ लोगों का उत्साह और बढ़ाया।



### नॉनस्टॉप 20 गीतों पर खेली छकड़ी

भला मोरी रामा भला तारी रामा..., गाना बजते ही लोगों ने सामूहिक रूप से छकड़ी खेलना शुरू कर दिया। इस खास मौके पर सभी गरबा प्रेमियों ने एक जैसे स्टेप फॉलो किए। कार्यक्रम के दौरान युवक-युवतियों ने समूह में ताल से ताल मिलाकर थिरकते हुए गरबा किया। सभी ने एक जैसा परिधान पहना हुआ था। इस दौरान छुप-छुप के तुझे देखा मैं करूं सारी-सारी रात..., चलो पेला बम्बू बीट्स ना गरबा रमवा जईये..., जैसे गरबा सॉन्ग पर धूम मच गई। महोत्सव में समय से पहले ही गरबा प्रेमियों की भीड़ इंडोर स्टेडियम में नजर आई, जहां सभी गुजराती और राजस्थानी पारंपरिक परिधानों में सजधज कर आए थे। कार्यक्रम की शुरुआत से ही लोगों में जोश और उत्साह था, जो अंत तक गरबा करते हुए नजर आए।



### अभिनेत्री अदा ने भी किया गरबा

गरबा महोत्सव को यादगार बनाने बॉलीवुड सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री अदा शर्मा देर रात इंडोर स्टेडियम पहुंचीं। रात 11.04 बजे स्टेज पर एंट्री के साथ ही लोगों ने अदा का स्वागत तालियों से किया। एक्ट्रेस अदा शर्मा के एंट्री के साथ ही सभी दर्शाकों की नजरे मंच की ओर टिकी रहीं, इस दौरान अदा ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद भक्तिगीतों पर गरबा भी किया। मंच पर महापौर मीनल चौबे उपस्थित रहीं।







### देर रात तक झूमे-नाचे, लगाया जयकारा

गरबा को लेकर लोगों में जमकर उत्साह रहा। देर रात तक स्टेडियम में भक्ति गीतों पर माता की आराधना के साथ गरबा करते रहे। इस दौरान हर घर में अब एक ही नाम, जय-जय श्रीराम बोलेगा...भगवा रंग...गरबा महोत्सव के दौरान धार्मिक भजनों की धुन पर भी रौनक देखने को मिली, जहां लगातार जय-जय श्रीराम के जयकारे लगाए गए।

## जॉब लाइव

### निजी कंपनी में दसवीं पास युवाओं को मिलेगा रोजगार

10 अप्रैल तक कर सकते हैं आवदेन




**रायपुर।** राजधानी की निजी कंपनी में फील्ड ऑपरेशन सुपरवाइजर के तहत डिप्लोमा ऑफ राईडर्स इन रैपीडो-फील्ड जॉब के लिए पांच युवाओं की जरूरत है। यह दसवीं पास युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि राजधानी रायपुर स्थित कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने टेक्नोटॉस्क बिजनेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में दसवीं पास युवाओं को रोजगार प्रदाय किया जाएगा। इसमें कंपनी द्वारा हितग्राहियों को सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक काम करना होगा और इसके लिए कंपनी 14 हजार रुपए मासिक वेतन देगी। इस काम के लिए हितग्राही के पास स्वयं का दोपहिया वाहन, ड्राइविंग लायसेंस और हेलमेट होना अनिवार्य है। जिले के ऐसे इच्छुक युवक, जो टेक्नोटॉस्क बिजनेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर के माध्यम से रोजगार प्राप्त करना चाहते हैं, वे 7 से 10 अप्रैल तक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ जिला कौशल विकास प्राधिकरण, प्रथम तल, जिला पंचायत धमतरी में उपस्थित होकर संपर्क कर सकते हैं।

### लेखापाल रिक्त पद के लिए आवेदन आमंत्रित

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में जिला पंचायत अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट एवं जिला पंचायत संसाधन केंद्र में 1-1 पद कुल 2 पदों की पूर्ति की जानी है, जिसमें सहायक जिला समन्वयक 1 एवं लेखापाल का 1 रिक्त पद भरा जाना है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। योग्य अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र भरकर 22 अप्रैल 2025 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला पंचायत बलरामपुर-रामानुजगंज में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला पंचायत के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

## सिटी इवेंट

### महावीर की गाथा में 108 करणास्वरूप देवों के महामंत्रों की स्तुति ने मोहा मन



**रायपुर।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को डिंपल शाह व कलाश्री ग्रुप, सूरत की विशेष प्रस्तुति हुई। महावीर की गाथा की शुरुआत 108 करणास्वरूप देवों के महामंत्रों की स्तुति से हुई। इसके पश्चात परमात्मा के पांचों कल्याणकों की भक्ति के स्वर गूंजे। त्रिशला माता के 14 स्वप्नों की सुंदर स्तुति प्रस्तुत की गई, फिर 56 दिक्कुमारियों की आराधना और नगरी धन्य हुई आज जैसे भावों के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा। इसके बाद परमात्मा के संयम उत्सव की मनोहारी झलक देखने को मिली। स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान समूह ने 'महावीर तेरे नाम से हम पहचाने जाते हैं' गीत पर भव्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंतिम चरण में 'जय महावीर जन्म जयंती महोत्सव' गीतों पर सभी श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूम उठे, यह दृश्य अत्यंत भावविभोर करने वाला था।

### महावीर स्वामी का संदेश

*भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर शनिवार को सुबह 6.30 बजे लभांडी में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। भगवान महावीर स्वामी का संदेश लेकर बच्चे उनके जीवन पर आधारित विभिन्न वेशभूषा धारण किया। प्रभात फेरी 1008 श्री पद्मप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर, लभांडी से शांतिनगर अपार्टमेंट, रो मेंस क्यू विला के बाजू, लभांडी तक निकाली गई। बच्चों ने फैंसी ड्रेस के दौरान पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया।*



### भरतनाट्यम शास्त्रीय नृत्य की दी प्रस्तुति

*महावीर स्वामी की माता त्रिशला को उनके पुत्र के जन्म से पहले 14 शुभ स्वप्न आए थे, जो उनके पुत्र के महान कार्यों और गुणों का संकेत देते हैं। इन स्वप्नों को जैन धर्म में विशेष महत्व दिया जाता है और आज की प्रस्तुति इन्हीं 14 सपनों पर आधारित रही। यह 14 सपने- श्वेत हाथी, श्वेत वृषभ, श्वेत सिंह, देवी लक्ष्मी का अभिषेक, दो सुगंधित पुष्पमालाएं, पूर्ण चंद्रमा, उदय होता सूर्य, लहराती ध्वजा, कमल पत्रों से ढंके हुए दो स्वर्ण कलश, कमलों से भरा पद्म सरोवर, हीरे-मोती और रत्नजड़ित स्वर्ण सिंहासन, स्वर्ग का विमान, रत्नों का ढेर, धुआंरहित अग्नि हैं। इस अवसर पर भरतनाट्यम शास्त्रीय नृत्य और 108 करणा के आधार पर समूह प्रस्तुति दी गई। 108 करणा की रचना सूरत की डिंपल शाह द्वारा की गई है।*

## रंग मंदिर ऑडिटोरियम में कलाकारों ने पेश किया 50 ग्रुप डांस

# फिल्मी गीतों पर युवतियों ने पेश किया कथक पियानो, गिटार-केसियों की जुगलबंदी में सरगम

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छाप तिलक सब छीनी रे...सूफी गीत पर अनंत प्रवाह स्कूल के प्रतिभागियों ने भावपूर्ण कथक नृत्य पेश करते हुए दर्शकों से वाहवाही लूटी। कथक और भरतनाट्यम की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों के बीच पियानो, गिटार और केसियों की जुगलबंदी में सात सुरों की सरगम ने ऐसी मिठास घोली कि इसमें कलाप्रेमी देर-शाम तक रमे रहे। उभरते कलाकारों को मंच देने के लिए रंग मंदिर ऑडिटोरियम में नृत्य की विधा से जुड़े कलाकारों की प्रस्तुतियों का सिलसिला शनिवार को दिनभर चला। संगीत कला अकादमी की डायरेक्टर संगीता काप्से नटरंग फेस्टिवल में बच्चों एवं युवाओं की प्रतिभा निखारने के लिए अवसर दे रही हैं। इसका लुत्फ उठाने के लिए कलाप्रेमी भी रोज दर्शकदीर्घा का हिस्सा बनने के लिए पहुंच रहे हैं।





### बतौर गेस्ट शामिल हुए भिलाई के निगम आयुक्त

स्टेज पर होने वाली हर प्रस्तुति से पहले अगले प्रतिभागी को तैयार रहने के लिए सजग किया जाता रहा। इसके लिए फेस्टिवल से जुड़े जिम्मेदारों ने पहले से तैयारी की थी। सभी ग्रुप ने अपने नृत्य सांग्स पहले जमा किए, ताकि समय बचाया जा सके। शनिवार को प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने के लिए भिलाई निगम आयुक्त राजीव पांडेय गेस्ट के रूप में शामिल हुए। उन्होंने इस तरह के आयोजन पर जोर देते संगीत कला अकादमी के प्रयास को वर्तमान दौर में युवाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए सार्थक बताया।

### गुरु-शिष्यों की जुगलबंदी



कलाकारों की हर प्रस्तुति का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायक के रूप में कमल साहू, कृपाराम बंजारी के साथ किरण साहू भी मौजूद थीं। इनके सामने सुबह 9 से शाम 7 बजे के बीच अलग-अलग विधा से जुड़े कलाकारों ने कुल 50 प्रस्तुतियां दी गईं। इनमें ओडिसी, कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम और कथक नृत्य का प्रदर्शन दिनभर चला। 6 अप्रैल को इस फेस्टिवल में गुरु और शिष्यों की जुगलबंदी देखने को मिलेगी। इसके बाद गुरु द्रोण अवार्ड से चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। फेस्टिवल की अंतिम कड़ी में चिन्हारी पोर्टल से जुड़े कलाकार भी आयोजन का हिस्सा बनेंगे।

## खबर संक्षेप

### श्रीरामजी की शोभायात्रा खोरपा में आज निकलेगी

**अभनपुर।** श्री राम सेवा संगठन परिवार के तत्वावधान में ग्राम खोरपा में रामनवमी के अवसर पर 6 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के नेहाल देवांगन,दुष्यंत पटेल सुभाष ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ बाजार चौक स्थित राम मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात किया जाएगा।इस शोभायात्रा में गौरी कृपा धूमाल की प्रस्तुति, बच्चों द्वारा राम दरबार की झांकी, अघोरी नृत्य समेत अन्य आकर्षक प्रदर्शनी शामिल रहेंगी। आयोजन को भव्य बनाने के लिए समिति द्वारा विशेष तैयारियाँ की जा रही हैं। स्थानीय नागरिकों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर धार्मिक उत्सव को सफल बनाने की अपील की गई है।

### तीन दिवसीय नामायण सत्संग कार्यक्रम आज से

**अभनपुर।** सतनाम प्रचारक नवयुवक समिति एवं समस्त सतनामी समाज ग्राम नवागांव(क) के तत्वाधान मे त्रि दिवसीय नमायण सत्संग समारोह का आयोजन 6 से 9 अप्रैल तक रखा गया है। टानिक कुर्रे ने जानकारी देते बताया कि समारोह शुभारंभ से लेकर समापन मे विधानसभा क्षेत्र के विधायक,पूर्व विधायक,जनप्रतिनिधि सहित सामाजिक पदाधिकारी शामिल होगे वही समापन अवसर पर कक्ष 10वी एवं 12वी के मेधावी छात्र छात्राओ का सम्मान किया जायेगा।

## निधन

### उर्मिला वर्मा

**आरंग।** ग्राम टेकारी (कुंडा) निवासी 85 वर्षीय उर्मिला वर्मा का शनिवार शाम को निधन हो गया। अंतिम संस्कार रविवार को सुबह 8 बजे टेकारी स्थित मुक्तिधाम में संपन्न होगा। वह स्वर्गीय गजराज वर्मा की पत्नी व अशोक, संतोष तथा पार्वती वर्मा की माता थी।

विरोध : नगाड़े बजाकर हनुमान चालीसा का करेंगे पाठ

# पंचायत सचिवों ने नगाड़े बजाकर किया विरोध, कल निकालेंगे रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा



शासकीयकरण की मांग को लेकर आंदोलन में बैठे पंचायत सचिवों की मांग पर राज्य सरकार की ओर से किसी तरह पहल नहीं होने से अब पंचायत सचिव संगठन आंदोलन को और उग्र करने का ऐलान किया है इसके तहत 2 अप्रैल से चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है । अब सरकार को जगाने नगाड़ा बजाएंगे हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा । क्रमिक भूख हड़ताल से लेकर रामायण गान गाकर नगाड़ा बजाकर विरोध करेंगे। पंचायत सचिव 6 अप्रैल तक जनपद स्तर पर हड़ताल 7 अप्रैल को जिला स्तर पर रैली निकाल कर प्रधानमंत्री जी के नाम से ज्ञापन कलेक्टर को सौंपेंगे । इस संबंध में ब्लॉक पंचायत सचिव संघ तिल्दा नेवरा जिला रायपुर के ब्लॉक अध्यक्ष अध्यक्ष भरत लाल वर्मा संगठन सचिव एवं रायपुर जिला मीडिया प्रभारी कोमल प्रसाद साहू ,प्रदेश मीडिया प्रभारी चिंतामणी साहू ने बताया कि मोदी की गारंटी होने के बाद भी पंचायत सचिव की एकमात्र मांग शासकीयकरण को 1 साल गुजर जाने के बाद भी पूरा नहीं किया जा रहा है। पंचायत सचिव करीब माह भर से आंदोलन कर रहे हैं इसके बावजूद उनकी मांगों को सरकार लगातार अनसुना कर रही है । ऐसे में शासन प्रशासन को जगाने अब चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा इसके बावजूद भी मांगे पूरी नहीं हुई तो प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आव्हान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे 8 अप्रैल को जनपद स्तर पर नगाड़ा बजाकर विरोध जताएंगे । 9 अप्रैल को जनपद स्तर पर रामायण गान करेंगे ,10 अप्रैल को धरना स्तर पर महावीर जयंती मनाएंगे, 11 अप्रैल को जनपद स्तर पर क्रमिक भूख धरना स्थल पर एवं 12 अप्रैल को सरकार की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे, 14 अप्रैल को धरना स्थल पर बाबा अंबेडकर की जयंती मनाएंगे ,15 से 19 अप्रैल तक जनपद स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल 20 अप्रैल को प्रदेश के सभी सचिव जंतर मंतर दिल्ली कूच करेंगे ,21 अप्रैल से दिल्ली के जंतर मंतर में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ जाएंगे । जिसके लिए पंचायत सचिवों द्वारा रेल मार्ग से जाने हेतु टिकट बुकिंग प्रारंभ कर दिया गया है।

# मावली माता मंदिर भंडारे में हजारों ने प्रसाद पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा



चैत्र नवरात्रि पर्व पर मां मावली माता मंदिर में 462 ज्योति कलश प्रज्वलित, किया गया हवन, भंडारे में हजारों लोगों ने खाया खाना। चैत्र नवरात्रि पर्व पर सभी माता देवालयों में ज्योति कलश प्रज्वलित कर विशेष पूजा अर्चना जारी है। वार्ड क्रमांक 19 तिल्दा बस्ती के मां मावली माता मंदिर में 462 मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित की गई है। एवं आज हवन का कार्यक्रम देर शाम संपन्न हुआ।मां मावली माता मंदिर के सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा प्रतिदिन माता सेवा जसजीत कार्यक्रम किया जा रहा है। भंडारे में हजारों लोगों को बैठाकर कराया गया भोजन। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पूर्व पार्षद लक्ष्मीनारायण वर्मा छोटू एवं उनकी टीम के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन यहां पर किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाया।

# आध्यात्म में डूबी धार्मिक नगरी आरंग



**आरंग।** धार्मिक नगरी आरंग में चैत्र नवरात्र को बड़े ही आस्था व श्रद्धा से मनाया जाता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्रत, उपवास रहकर माता के दर पर मत्था टेकने मंदिरो में जातें हैं और अपनी मन की मुरादे पूरी करने की माता रानी से प्रार्थना करते हैं। वहीं कई भक्त मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कर अपने आस्था व श्रद्धा व्यक्त करते हैं। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के देवी मंदिरों में सैकड़ों मनोकामना ज्योति दीप प्रज्वलित हो रही हैं। जिसमें मां महामाया मंदिर में 251, माता शीतला मंदिर में 210, समिया माता में 146, कंकाली माता में 68, चंडी मंदिर में 55, दंतेश्वरी मंदिर में 28, खल्लारी मंदिर में 23 और बाला त्रिपुरा मंदिर में 7 मनोकामना ज्योति दीप प्रज्वलित हो रही हैं। इसके अलावा भी नगर के अन्य देवी मंदिरों में भी मनोकामना ज्योति दीप प्रज्वलित हो रही है। नवरात्र भर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

# खदान संचालक ने पटवारी और कोटवार से मारपीट की



**आरंग।** ग्राम निसदा में पत्थर खदान संचालक के ग्राम कोटवार और शिकायकर्ता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी अशोक यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम निसदा में पत्थर खदान संचालकों ने महानदी में खदान का मलबा डालने और पत्थर खदानों की जांच करने के संबंध में ग्रामीणों के साथ ओमप्रकाश सेन ने शासन से शिकायत की थी। प्रशासन के जांच के बाद पत्थर खदान संचालकों को महानदी से मलबा हटाने का आदेश दिया गया था, जिसके बाद संचालकों ने महानदी में डाले गए मलबे को हटाने का काम शुरू किया। इस बीच शुक्रवार को प्रशासन से अनुमति प्राप्त पत्थर खदान के सीमांकन के लिए पटवारी, कोटवार और शिकायकर्ता सहित कुछ ग्रामीण पहुंचे थे। इसी दौरान अपने रिश्तेदार का खदान संचालित करने वाला ग्राम घोड़ारी निवासी अशोक यादव शिकायतकर्ता ओमप्रकाश सेन और कोटवार केदारनाथ साहू से उलझ गया और मारपीट शुरू कर दी। मामले की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी अशोक यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# प्रधान पाठक राजकुमार निलंबित

**आरंग।** आरंग ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला सेमरिया (समोदा) के प्राधन पाठक राजकुमार बजारे को विद्यालय में मदीरापान करके आने, विद्यालय से आये दिन अनुपस्थित रहने तथा बाद में आकर पाठकान पंजी में हस्ताक्षर करने, मदिरापान व शराबखोरी करने एवं बच्चों से गुटका मंगवाने जैसे अमर्यादित व्यवहार करने के कारण सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 (एक) (दो) (तीन) का उल्लंघन किये जाने के कारण विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरंग के द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए निलंबन करने की अनुशंसा की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा उक्त शिकायत की गई थी, जिसकी जांच आरंग विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा द्वारा जांच अधिकारी नियुक्त कर जांच कराया गया है। जांच अधिकारियों ने जांच प्रतिवेदन में यह उल्लेख किया है कि 9 जनवरी को संकुल प्राचार्य सेमरिया (स.) के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान प्र.पा. को अनुपस्थित पाया गया।

### तामासिवनी में श्रीराम नवमीं पर शोभायात्रा आज निकलेगी

**आरंग।** ग्राम तामासिवनी मे सर्व हिन्दू समाज तामासिवनी क्षेत्र व समस्त ग्रामवासी तामासिवनी के सहयोग से रविवार को ग्राम तामासिवनी में श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें विशेष प्रस्तुति भाई धुमाल राजिम किंग और राम जी का झांकी रहेगा। जिसमें तामासिवनी क्षेत्र आसपास ग्राम बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

---

न्यायालय तहसीलदार धरसींवा तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

धरसींवा, दिनांक 26/03/2025

क्रमांक / /ब-121/वर्ष 2024-25
ग्राम धरसींवा, प.ह.नं. 18
रा.नि.मं. धरसींवा
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मो. इरफान खान पिता अकरम खान निवासी ग्राम धरसींवा तहसील धरसींवा जिला रायपुर द्वारा अपनी पुत्री समायरा खान का अन्य पिछड़ा वर्ग जाती प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक इनके पूर्वज ग्राम 1984 पूर्व ग्राम धरसींवा में निवासरत होने का ग्राम पंचायत धरसींवा का ग्राम सभा प्रस्ताव एवं प्रारूप भाग 1, 2 एवं 3 प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 11/04/2025 तक स्वतः अथवा वैद्य प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
धरसींवा
जिला- रायपुर (छ.ग.)

---

न्यायालय तहसीलदार धरसींवा तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

क्रमांक / /ब-121/वर्ष 2024-25
ग्राम धरसींवा, प.ह.नं. 18
रा.नि.मं. धरसींवा तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
धरसींवा, दिनांक 26/03/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मो. इरफान खान पिता अकरम खान निवासी ग्राम धरसींवा तहसील धरसींवा जिला रायपुर द्वारा अपनी पुत्री अरहम खान का अन्य पिछड़ा वर्ग जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक इनके पूर्वज ग्राम 1984 पूर्व ग्राम धरसींवा में निवासरत होने का ग्राम पंचायत धरसींवा का ग्राम सभा प्रस्ताव एवं प्रारूप भाग 1, 2 एवं 3 प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 11/04/2025 तक स्वतः अथवा वैद्य प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दाव/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.)

---

न्यायालय तहसीलदार महोदय धरसींवा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.

// ईश्तहार //

धरसींवा दिनांक 27/03/2025

ग्राम-धरसीवां, प.ह.न. 18, रा.नि.म. रायपुर 15 धरसींवा, तहसील- धरसींवा जिला-रायपुर छ.ग

एतद द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद हुसैन खान पिता शब्बीर खान निवासी ग्राम धरसींवा तहसील धरसींवा जिला रायपुर द्वारा अपनी पुत्र मोहम्मद अमान हुसैन खान पिता मोहम्मद हुसैन खान का अन्य पिछड़ा वर्ग जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक इनके पूर्वज ग्राम 1984 पूर्व ग्राम धरसींवा में निवासरत होने का ग्राम पंचायत धरसींवा का ग्राम सभा प्रस्ताव एंव प्रारूप भाग 1, 2 एंव 3 प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा अथवा आपत्ति हो तो स्वयं अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय मे नियत तिथि दिनांक 11/04/2025 को उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/03/2025 को जारी किया जाता है ।

मुहर
तहसीलदार
धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.)



धर्म लाइव

## गुरु जम्भेश्वर भगवान मंदिर स्थापना की तैयारी, बिश्नोई समाज में उत्साह



**रायपुर।** बिलासपुर रोड पर बंजारी मंदिर से आगे रावांभाठा में बिश्नोई समाज के संस्थापक गुरु जम्भेश्वर भगवान का मंदिर आकार ले चुका है। शनिवार से शुरू हो रहे दो दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव से समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। कलश स्थापना स्वामी सच्चिदानंद आचार्य के मार्गदर्शन में की जाएगी। आयोजन के बारे में रामदेव बिश्नोई ने बताया कि 5 अप्रैल की शाम कलश स्थापना के साथ ही धार्मिक आयोजन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। गुरु जम्भेश्वर मंदिर प्रांगण निर्मित भवन में जागरण किया जा रहा है। वहीं 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे से हवन, कलश पूजा के साथ प्राण-प्रतिष्ठा का विधान भी किया जाएगा। इसमें शामिल होने के छत्तीसगढ़ ही नहीं, दूसरे राज्यों से भी हजारों की तादाद में लोग आएंगे।

### तैयारी को दिया गया अंतिम रूप

विधि-विधान से पूजा और हवन के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर मंदिर प्रांगण में तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। रामदेव ने बताया कि गुरु जम्भेश्वर भगवान मंदिर के कलश स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा में मुख्य अतिथि राजस्थान के फलोदी विधायक पब्बाराम बिश्नोई होंगे। उनका आगमन रायपुर में हो चुका है। शनिवार को एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहु, पूर्व ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा होंगे। राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, दिल्ली और छत्तीसगढ़ में रहने वाले बिश्नोई समाज के लोग आयोजन में शामिल होंगे।

आराधना

## पुराणों की कथाएं आज भी प्रासंगिक, इसलिए इसे अवश्य पढ़ें, हर समस्या का निराकरण निहित



**रायपुर।** परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर में चैत्र नवरात्रि के सप्तमी तिथि के अवसर पर परमेश्वरी मंदिर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। देवांगन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन एवं उनकी पत्नी सुमन देवांगन ने मुख्य यजमान हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ माता परमेश्वरी एवं देवी भागवत पुराण की आरती की। व्यास पीठ से आचार्य डॉ नीलेश शर्मा ने सप्तमी तिथि को सृष्टि वर्णन, तुलसी उत्पत्ति, मां परमेश्वरी कथा, स्कंदमाता, कात्यायनी कथा पर रोचक शैली में विस्तार से प्रकाश डाला। संगीत मंडली द्वारा प्रस्तुत भजन कीर्तन में श्रद्धालु झूम झूम कर थिरकते रहे।

### आदि स्वरूपों का मनभावन वर्णन

आचार्य नीलेश शर्मा ने कहा कि आध्यात्म जीवन को सुगम, खुशहाल एवं सार्थक बनाता है। धन की सार्थकता तभी है, जब उसका एक अंश जनहित एवं परोपकार में लगाया जाए। पुराणों की कथाएं आज भी प्रासंगिक हैं। इसलिए पुराण अवश्य पढ़ें। हर समस्या का निराकरण पुराणों में निहित हैं। परिवार को एकजुट एवं खुशहाल रखना है तो भोजन एवं भजन एक साथ करें। उन्होंने कथा में माता भगवती के परमेश्वरी, शताक्षी, शाकंभरी आदि स्वरूपों का मनभावन वर्णन किया। आचार्य ने वर्तमान समय में भी आध्यात्मिकता और पौराणिक परंपरा का निर्वहन करने के लिए देवांगन समाज की महिलाओं की प्रशंसा की। उन्होंने गऊ माता के महत्व एवं दूध सहित पंचगव्य की औषधिक उपयोगिता को प्रतिपादित किया। मंदिर में कथा के बाद जसगीत की धूम रही।

सिटी इवेंट

## मंदिर और घरों में बंदनवार व दीप सजाकर किया नववर्ष का स्वागत



**रायपुर।** ब्राह्मण सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की संगठन सहयोगी और सनातनी बांधवों द्वारा नव-संवत्सर आरंभ का उत्सव मनाया गया। इस आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुये संगठन के प्रदेश संयोजक पं. रामानुज तिवारी ने बताया कि विक्रम संवत 2082 एवं चैत्र नवरात्रि आरंभ के अवसर पर मंदिरों एवं घरों के मुख्य द्वार में आमपत्र फूलों से बने बंदनवार को पंचोपचार पूजन कर लगाया गया। शाम को इन सभी जगहों में नववर्ष के स्वागत में दीपक प्रज्वलित किये गए।

### हिन्दू नववर्ष की दी बधाई

समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् छत्तीसगढ़ की प्रदेश संगठन विस्तार प्रमुख अनुसुईया झा ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष सनातन संस्कृति एवं परंपरानुसार भारतीय नववर्ष मनाने के लिये विगत एक माह से पूरे देश में संगठन द्वारा घर-मंदिर बंदनवार सजायेंगे, हिन्दू नववर्ष नूतन संवत्सर मनायेंगे अभियान का आव्हान किया था। इस आयोजन में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-दूसरे के मस्तक पर कुमकुम तिलक लगाकर हिन्दू नववर्ष की बधाई दी। विक्रम संवत 2082 के आरंभ एवं चैत्र नवरात्रि के पहले दिन संगठन के सदस्यों ने सुबह अपने-अपने घरों एवं मंदिरों में पहुंचकर पंचोपचार से पूजित बंदनवार लगाया गया और शाम को दीपक जलाकर नववर्ष की खुशियां मनाई।

देवी-मंदिरों में अलग-अलग मुहूर्त में मंत्रोच्चार के बीच गूंजा स्वाहा, निभाई कन्यापूजन और भोज की परंपरा

# सोने-चांदी के आभूषणों से अष्टमी श्रृंगार, 16 हवन कुंडों में 1001 उपासकों ने एक साथ दी आहुति

'चैत्र नवरात्रि अष्टमी की तिथिगत महत्ता का निर्वहन सभी देवी मंदिरों में विधि-विधान से किया गया। माता का सोने-चांदी के आभूषणों से जहां श्रृंगार किया गया, वहीं श्रृंगार और भोग आरती के बाद दर्शनार्थियों की भीड़ बढ़ी, जो अलग-अलग मुहूर्त में अष्टमी हवन में पूर्णाहुति देने वाले उपासकों की वजह से भी शाम तक यथावत रही। इस कड़ी में रावांभठा स्थित बंजारी मंदिर प्रांगण में 16 हवन कुंडों में 1001 उपासकों ने एक साथ आहुति दी। इससे मंत्रोच्चार के साथ स्वाहा की गूंज से भक्तिमय माहौल बना।'

**रायपुर।** महाअष्टमी हवन के चलते मंदिर परिसर में भक्तों और उपासकों का मेला हर साल लगता है। इसे देखते हुए बंजारी मंदिर के प्रमुख हरीश भाई जोशी ने इस बार भी 16 हवन कुंडों का इंतजाम किया। जहां इस बार भी 1001 उपासकों ने माता के दरबार में आहुति दी। इससे पहले माता का अष्टमी श्रृंगार किया गया। इधर पुरानी बस्ती में महामाया देवी मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि अष्टमी तिथि पर महानिशा पूजा का विधान किया गया। इसके बाद अष्टमी श्रृंगार किया गया। शाम 4 बजे से हवन पूजन प्रारंभ होने से पहले ही सैकड़ों की तादाद में लोग शामिल होने के लिए पहुंचे। रात में 7.30 बजे मुख्य आहुति दी गई। नवमी को कन्यापूजन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रविवि कैंपस स्थित बंजारी मंदिर में अष्टमी को शाम 4 बजे से हवन शुरू हुआ।







### मंगल कलश के साथ भव्य शोभायात्रा

बिरगांव के बुधवारी बाजार में देवांगन समाज और शिवशक्ति साधना आराधना के प्रयास से शिव और शक्ति को रथ में बिठाकर शोभायात्रा निकाली गई। सिर पर कलश लेकर माता-बहनें मां परमेश्वरी देवी की पूजा-अर्चना के बाद मुख्य मार्ग से होते हुए निकलीं। सरला देवांगन और कमल देवांगन के मार्गदर्शन में बैंड-बाजे की धुन पर भक्त नाचते गाते निकले। क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद मां परमेश्वरी की पूजा की गई। वहीं रिंकी देवांगन की टीम द्वारा दी गई भजनों की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय बना। इसमें रमेश सिंह ठाकुर, हेमंत साहू, भागीरथी यादव, एवज देवांगन, भीखम देवांगन ने भागीदारी निभाई।

### दुर्गा महाष्टमी पर मातृशक्ति का सम्मान

*अष्टमी के दिन रायपुर पब्लिक स्कूल बिरगांव में मितानिन, आरोग्य महिला समिति की 1100 महिलाओं का डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने फूलों का गुलदस्ता, साड़ी व श्रीफल देकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग के उपसंचालक अभय देवांगन, पार्षद बेदराम साहू, डोमेश देवांगन, डॉ. आकाश देवांगन, डॉ. स्वतंत्र और डॉ. सुनील साहू भी शामिल हुए। अनिता शर्मा, देवकी पांडे , रश्मि साहू सहित सौ मितानिनों और एक हजार आरोग्य समिति की महिलाओं का सम्मान किया गया।*



### नवमी पर आज ज्योति-जंवारा विसर्जन

शहर के कई देवी मंदिरों में अष्टमी की रात ज्योति-जंवारा विसर्जन किया गया। इनके चलते बंजारी मंदिर में देर रात तक भीड़ रही। घरों में स्थापित ज्योति-जंवारा का विसर्जन करने के लिए लोग रविवार को हर क्षेत्र में निकलेंगे। इससे टिकरापारा, बिरगांव, भनपुरी, पुरानी बस्ती, कंकालीपारा, संतोषी नगर क्षेत्र में विसर्जन उत्सव का माहौल बनने वाला है। इसके लिए सभी आयोजकों ने तैयारी को अंतिम रूप दिया। सुबह 11 बजे के बाद सांग-बाना धारण करने वाले भक्त माता को विदाई देने भक्तिभाव से निकलेंगे।



### गायत्री शक्तिपीठ समेत कई मंदिरों में कन्यापूजन

गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में शक्ति की साधना आराधना के बाद अष्टमी को कन्यापूजन कर यज्ञ में आहुतियां दी गईं। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि कन्याओं का मातास्वरूप में पूजन किया जाता है। यज्ञ में जन कल्याण की भावना से आहुतियां देने के साथ ही राष्ट्रकल्याण के लिए कामना करते हुए वातावरण की शुद्धि के लिए यज्ञ में मंत्रोच्चारण के साथ आहुति दी गई। इस परंपरा का निर्वहन पुरानी बस्ती में महामाया, दंतेश्वरी, कंकाली माता के साथ लगभग सभी देवी मंदिरों में किया गया।

## शत्रुघ्न जैसे निष्काम कर्मयोगी से होती देश की प्रगति दशरथ के स्वर्गवास के बाद 14 साल संभाला कार्यभार

**रायपुर।** हेमंत मार्डीकर कहते हैं कि किसी भी देश, राज्य, समाज या संगठन का विकास शत्रुघ्न रूपी निस्वार्थ और निष्काम कर्मयोगी के माध्यम से होता है। आज भी हमारे समाज में शत्रुघ्न उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने पहले थे। श्री मार्डीकर महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से आयोजित रामनवमी महोत्सव के पांचवे दिन शत्रुघ्न के चरित्र पर प्रकाश डाल रहे थे। इस दौरान मंडल की उपाध्यक्ष गीता दलाल ने राजा जनक पर, विभा पांडे ने लव-कुश पर, सुरेशा पाटिल ने मांडवी पर अपने विचार व्यक्त किए। श्री मार्डीकर ने कहा कि शत्रुघ्न का शाब्दिक अर्थ है, शत्रु का नाश करने वाला। शत्रुघ्न का एक अन्य नाम रिपुदमन है, जो रिपु अर्थात शत्रुओं का दमन करे। शत्रुघ्न अपने भाइयों की तरह अत्यंत पराक्रमी थे। श्रीराम की आज्ञा से उन्होंने मधुवन के क्रूर राक्षस लवणासुर का वध करके वहां की प्रजा और साधु-संतों को अत्याचार से मुक्ति दिलाई। राजा दशरथ के स्वर्गवास और श्रीराम व लक्ष्मण के वनगमन के पश्चात राज्य का कार्यभार शत्रुघ्न ने पूरे 14 वर्षों तक पूरी निष्ठा के साथ संभाला।



### लव क्षत्रिय और कुश ब्राह्मण थे

*विभा पांडे ने लव-कुश पर चर्चा करते हुए कहा कि वाल्मीकि रामायण के अनुसार लव-कुश पूर्व जन्म में वसुनंद व सुनंद दो ऋषि भाई थे। कानपुर से 17 किलोमीटर स्थित बिठूर में वाल्मीकि का आश्रम है। माना जाता है कि लव-कुश का जन्म यही हुआ था। दसवीं शताब्दी की कथा सरितसागर के अनुसार रामायण की पुनर्कथनानुसार माता सीता ने लव को जन्म दिया। माता सीता एक दिन ऋषि वाल्मीकि की देखभाल में लव को छोड़कर स्नान करने चली गईं। तभी वाल्मीकि ने उसे खो दिया और घबराहट में कुशाघास का प्रयोग कर प्रतिरूप बनाया और उसमें प्राण फूंक दिए। इस तरह लव क्षत्रिय और कुश ब्राह्मण हुए।*

### धर्म और न्याय के ज्ञाता थे राजा जनक

*गीता दलाल ने कहा कि मिथिला के राजा जनक ने विवाह के उपरांत अपनी पुत्री सीता को सिर्फ संघर्ष करते हुए देखा, लेकिन कभी अपना धैर्य नहीं खोया। वे हमेशा रघुवंश और अपनी बेटी के साथ खड़े रहे। गीता ने शब्दों में, दोहों-चौपाइयों से और गाकर भी राजा जनक के जीवन के हर एक उस महत्वपूर्ण का सुंदर वर्णन किया, जिसे प्रत्येक श्रद्धालु का जानना जरूरी होता है।*

## सौम्य रूप में विराजमान हैं मां शीतला, 40 साल से नीम जल अर्पित कर रहे श्रद्धालु



नवरात्रि विशेष

**रायपुर।** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कुलदेवी के रूप में मां शीतला देवी की पूजा-अर्चना की जाती है, शहर के प्रत्येक क्षेत्र में मां शीतला का मंदिर स्थापित है। चंगोराभाठा स्थित शीतला माता मंदिर की स्थापना लगभग 40 साल पहले की गई। मंदिर के सदस्य कुबेर साहू ने बताया कि क्षेत्रवासियों ने मिलकर माता शीतला की स्थापना ग्रामदेवी के रूप में की है। मंदिर के गर्भगृह में मां शीतला का सौम्य रूप विराजमान है, जहां श्रृद्धालु चावल, दाल, नीम का जल जैसे अनेक शीतल पदार्थ अर्पित करते हैं।

### देवी शीतला का चमत्कार

प्रसिद्ध देवी शीतला मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा मांगी गई सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, भक्तों के अनुसार संतान प्राप्ति, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि जैसे अनके मनोकामनाएं पूर्ण हुई हैं। मंदिर के सदस्यों ने बताया कि सालों पहले मंदिर परिसर से दानपेटी चोरी हो गई थी, लेकिन चोर उसे तोड़ने में असफल रहा। इसके कारण चोर ने दानपेटी मंदिर के पीछे तालाब में फेंक दी। पानी में डूबने के बाद भी जब दानपेटी को खोला गया तो पूरा पैसा सुरक्षित और सूखा दानपेटी से निकाला गया। यह चमत्कार क्षेत्रवासियों के लिए रहस्य से भरा हुआ है, जिसमें दानपेटी का एक भी नोट भीगा नहीं था।

### हजारों श्रद्धालुओं के लिए भंडारा

*महाअष्टमी पर मंदिर में सुबह 12 बजे हवन-पूजन किया गया, सुबह से देर रात तक मंदिर में श्रद्धालु अष्टमी भोग प्रसादी लेकर शामिल हुए। नवरात्रि के शुभ अवसर पर माता शीतला के दर्शन करने हजार से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से देर रात तक देखने को मिली। नवमी तिथि पर सुबह से देर रात तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा, मंदिर के सदस्यों की आस्था के ही कारण अंतिम श्रद्धालु तक मां का भोग प्रसाद पहुंचाया जाता है। प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में भंडारा लोगों के प्राप्त होता है और कभी भी भोजन कम नहीं होता।*

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार | निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

शीतल का फंडा पूरा घर ठंडा
DUCK कूलर विन्डो कूलर
कूलर हाउस
गांधी चौक, रंग मंदिर, नया नगर निगम के पास, रायपुर
(रतन जैन) (आकाश जैन)
9827129211, 9826164650

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
नवरात्रि के शुभ अवसर पर मॉड्युलर किचन्
मात्र 70 हजार से चालू
Modular Kitchen starts from 50,000/- to 2,50,000/-
Luxury Look Half Price 15 YEAR WARRANTY
Kuldeep Bhatia 9977115597, 8319076661
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur

## खबर संक्षेप

### गृहमंत्री शाह का एयरपोर्ट पर महापौर ने किया स्वागत



**रायपुर।** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का दंतेवाड़ा से लौटने पर माना एयरपोर्ट पर शहर की प्रथम नागरिक, महापौर मीनल चौबे ने स्वागत किया। उन्होंने नगरवासियों की ओर से गुलदस्ता भेंटकर केंद्रीय गृहमंत्री का स्वागत किया। श्री शाह बस्तर पंडुम कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। आदिशक्ति मां दंतेश्वरी के दर्शन कर छत्तीसगढ़ राज्य को नक्सलमुक्त करने मां दंतेश्वरी से प्रार्थना की।

### शशांक होंगे साहित्य अकादमी के अध्यक्ष

**रायपुर।** राज्य शासन ने निगम मंडल अध्यक्ष की घोषित सूची में संशोधन करते हुए शशांक शर्मा को अब साहित्य अकादमी का अध्यक्ष बनाया गया है। संयुक्त सचिव संस्कृति विभाग द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। पूर्व में उन्हें संस्कृति परिषद के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया गया था।

### जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता ने संभाला पदभार



**रायपुर।** नगर निगम जोन-6 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बद्रीप्रसाद गुप्ता ने शनिवार को भाठागांव स्थित इंटरस्टेट बस टर्मिनल परिसर के तृतीय तल स्थित जोन कार्यालय में पदभार संभाला। चैत्र नवरात्रि क महाष्टमी के अवसर पर उन्होंने पूजा-अर्चना कर पदभार संभाल लिया। उनके पदभार ग्रहण करने के मौके पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, रायपुर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि विजय अग्रवाल, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, अमर गिदवानी, भोलाराम साहू, पूर्व पार्षद रामकृष्ण धीवर, गोपी साहू सहित अन्य ने बुके प्रदान कर बधाई दी।

### पार्किंग में आग, तीन कार, एक बाइक खाक

**रायपुर।** गोलबाजार थाना क्षेत्र स्थित मिलेनियम प्लाजा के पार्किंग एरिया में शनिवार रात आग लग गई। आग की चपेट में आने से तीन कार तथा एक बाइक जलकर खाक हो गई। पुलिस के मुताबिक, आग लगने की घटना रात पौने नौ बजे की है। मिलेनियम प्लाजा के दुकानदारों ने अचानक बेसमेंट से धुआं उठते देखा। कुछ देर में पार्किंग के अंदर से आग की लपटें निकलने लगीं। आसपास के मौजूद लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी।

# इसी माह होगा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव, प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी बनेंगे प्रस्तावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इस माह कभी भी नए अध्यक्ष का चुनाव होगा। अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक 50 फीसदी से ज्यादा राज्यों में चुनाव हो जाएंगे और इसके बाद कभी भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तिथि का ऐलान भी हो जाएगा। इस बार नए अध्यक्ष के चुनाव में छत्तीसगढ़ को भी भागीदारी करने का पूरा मौका मिलेगा। प्रदेश में इस बार भाजपा प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे होने के साथ राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का भी चुनाव हो गया है। प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के नामांकन में प्रस्तावक और समर्थक बनेंगे। कई राज्यों की तरफ से नामांकन भरा जाएगा। छत्तीसगढ़ की तरफ से भी एक नामांकन भरे जाने की संभावना है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले देश भर के राज्यों में भाजपा संगठन के चुनाव कराए गए। छत्तीसगढ़ में ही सबसे पहले इस साल 17 जनवरी को प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हुए, तब यहां पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों का चुनाव कराया गया। पूरे देश में छत्तीसगढ़ संगठन चुनाव पूरा कराने वाला पहला राज्य बना। इसके बाद दूसरे राज्यों के चुनाव पूरे हुए। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन इस समय दूसरे राज्यों में चुनाव कराने में लगा है ताकि राष्ट्रीय अध्यत्र के चुनाव के लिए 50 फीसदी राज्यों में चुनाव पूरे हो जाए। 50 फीसदी राज्यों में चुनाव हुए बिना राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो सकता है।

## मुख्यमंत्री के साथ मंत्री, सांसद और विधायक बने हैं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य



### इनको मिलेगा प्रस्तावक, समर्थक बनने का मौका

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में कई राज्यों के राष्ट्रीय परिषद से सदस्यों से नामांकन फार्म में प्रस्तावक और समर्थक के रूप में हस्ताक्षर कराए जाते हैं। पिछली बार जब 2020 में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में जेपी नड्डा अध्यक्ष बने, तब छत्तीसगढ़ में प्रदेश संगठन का चुनाव पूरा न होने के कारण छत्तीसगढ़ को इसमें भागीदारी का मौका नहीं मिला था, लेकिन इस बार चुनाव पूरे होने के कारण छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों के साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव को भी प्रस्ताव और समर्थक बनने का मौका मिलेगा। प्रदेश में जो राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बने हैं, उनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, विजय बघेल, रूपकुमारी चौधरी, राज्य सभा सांसद देवेंद्र राजा प्रताप सिंह, विधायक विक्रम उसेंडी, पुन्नूलाल मोहिले, प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल, केदार कश्यप, पूर्व विधायक ननकी राम कंवर और खूबचंद पारख शामिल हैं।

# तहसील में सुधर नहीं रही व्यवस्था, एक माह में 5 हजार राजस्व प्रकरण ही निपटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को खत्म हुए डेढ़ महीने से अधिक हो गया है, लेकिन प्रदेश की तहसीलों में अभी तक राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण की व्यवस्था सुधर नहीं पाई है। तहसीलदारों के नियमित कार्यालय में बैठने और सुनवाई नहीं करने से आम लोगों के साथ पक्षकारों को लगातार तहसीलों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। तहसील कार्यालयों में किस तरह से कार्य किए जा रहे हैं, यह विभाग के आकड़े बयां कर रहे हैं।

**145137 प्रकरण अभी भी पेंडिंग**

चुनाव के दौरान प्रदेशभर में राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों की संख्या एक लाख 57 हजार के करीब पहुंच गई थी। चुनाव खत्म होने के बाद तहसील कार्यालयों के कामकाज में तेजी आई थी, जिससे लंबित प्रकरणों की संख्या 15 से 20 दिनों में घटकर डेढ़ लाख के करीब पहुंच गई थी, लेकिन पिछले करीब महीने भर से तहसीलों में कामकाज की रफ्तार फिर धीमी हो गई है, जिसके कारण इन दिनों में लगभग 5 हजार प्रकरणों का ही निराकरण किए जा सके हैं। इस तरह प्रदेश में अभी भी एक लाख 45 हजार 137 प्रकरण लंबित हैं।

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कारण 24 फरवरी तक आचार संहिता लागू रही। इस दौरान प्रदेश के सभी जिला कलेक्टोरेट एवं तहसील कार्यालयों में राजस्व संबंधी प्रकरणों के कामकाज से लेकर सुनवाई भी ठप रही। आचार संहिता लगने के पहले ही प्रदेशभर में राजस्व के लंबित प्रकरणों का आकड़ा एक लाख 45 हजार के करीब था। चुनाव के दौरान करीब 10 प्रतिशत और प्रकरण बढ़ गए है। इस तरह लंबित प्रकरणों का आकड़ा बढ़कर 1 लाख 57 हजार के करीब पहुंच गया था। हालांकि 25 फरवरी को आचार संहिता खत्म होने के बाद तहसीलों में कामकाम में तेजी आई, जिससे 15 से 20 दिनों के दौरान करीबन सात हजार प्रकरणों का निराकरण भी किया गया पर उसके बाद फिर कामकाज की रफ्तार धीमी हो गई। इसके बाद से रफ्तार अब तक धीमी ही हैं, जिसके कारण प्रदेश में अभी तक एक लाख 45 हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं।



### राजस्व मंडलों में भी 2941 प्रकरण लंबित

*राजस्व मंडलों में भी 2941 प्रकरण लंबित हैं। इनमें राजस्व मंडल अध्यक्ष बिलासपुर में 842, राजस्व मंडल अध्यक्ष सर्किट कोर्ट रायपुर में 815, राजस्व मंडल सदस्य बिलासपुर में 447 एवं राजस्व मंडल सदस्य सर्किट कोर्ट रायपुर में 837 प्रकरण लंबित हैं।*

### संभाग स्तरीय 14462 प्रकरण लंबित

*संभाग स्तरीय न्यायालयों में भी 14462 प्रकरण लंबित हैं। इनमें सरगुजा संभाग न्यायालय में सर्वाधिक प्रकरण 5561 लंबित है। इसी प्रकार रायपुर संभाग स्तरीय न्यायालय में 3269, बिलासपुर संभाग स्तरीय न्यायालय में 2969, दुर्ग संभाग स्तरीय न्यायालय में 1215 प्रकरण तथा बस्तर स्तरीय संभाग न्यायालय में 1439 लंबित हैं।*

### 2 से 5 वर्ष के बीच के सबसे ज्यादा प्रकरण लंबित

सूत्रों के अनुसार प्रदेश के सभी तहसीलों में ज्यादातर लंबित प्रकरण 2 वर्ष से लेकर वर्ष के बीच के हैं। इनकी संख्या लगभग 70 से 80 हजार के बीच है। इसी प्रकार करीब 20 हजार प्रकरण ऐसे हैं, जो 5 वर्ष से ज्यादा समय से लंबित हैं। इसके अलावा 20 से 25 हजार प्रकरण एक वर्ष से ज्यादा समय से लंबित हैं। कई प्रकरण 1 माह से लेकर एक वर्ष के बीच के भी हैं। विभागीय अधिकारियों की मानें तो 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों में कई ऐसे हैं, जो बहुत ज्यादा विवादित है। इन प्रकरणों में दोनों पक्षकारों के बीच रजामंदी नहीं होने से अटके हुए हैं।

### 3 जिलों में 8 हजार से अधिक प्रकरण लंबित

रायपुर, दुर्ग और सरगुजा जिले में सबसे अधिक प्रकरण लंबित है। इनमें रायपुर में 8169, दुर्ग में 8637 एवं सरगुजा जिले में 8389 प्रकरण लंबित है। इसके अलावा दो जिले बलरामपुर-रामानुजगंज और बिलासपुर में 6 हजार से अधिक प्रकरण लंबित है। इन दोनों जिले में क्रमशः 6559 एवं 6725 प्रकरण लंबित हैं।

### लंबित प्रकरणों की स्थिति

| | |
|---|---|
| रायपुर | 8169 |
| कबीरधाम | 3899 |
| कांकेर | 3729 |
| कोंडागांव | 3893 |
| कोरबा | 4982 |
| कोरिया | 1612 |
| खैरागढ़-गंडई-छुईखदान | 2221 |
| गरियाबंद | 3360 |
| गौरेलो-पेंड्रा-मरवाही | 1679 |
| जशपुर | 3304 |
| जांजगीर-चांपा | 4989 |
| दंतेवाड़ा | 801 |
| दुर्ग | 8637 |
| धमतरी | 2893 |
| नारायणपुर | 856 |
| बेमेतरा | 3540 |
| बलरामपुर-रामानुजगंज | 6559 |
| बलौदाबाजार-भाटापारा | 4333 |
| बस्तर | 2642 |
| बालोद | 4762 |
| बिलासपुर | 6725 |
| बीजापुर | 445 |
| मुंगेली | 2241 |
| मनेंद्रगढ़-चिरमरी-भरतपुर | 4136 |
| महासमुंद | 5039 |
| मोहला-मानपुर | 1263 |
| राजनांदगांव | 3674 |
| रायगढ़ | 4960 |
| सक्ती | 2888 |
| सुकमा | 817 |
| सरगुजा | 8389 |
| सूरजपुर | 5111 |
| सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 2178 |

6 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

# प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ ने आयुक्त से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप से प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष संजय एडे, खेमूलाल निषाद सहित पदाधिकारियों ने मुलाकात कर अपनी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर निगम आयुक्त को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। इसमें नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचरियों को निगम के माध्यम से सीधे वेतन भुगतान कराने की मांग की गयी।



### प्रमुख मांग इस तरह से

- प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगर निगम रायपुर से सीधे वेतन का भुगतान हो।
- प्रत्येक माह के 10 तारीख तक वेतन का भुगतान किया जाये।
- सभी प्लेसमेंट कर्मचारियों का पहचान पत्र कार्ड बनाया जाये।
- कलेक्टर दर से कम वेतन का भुगतान न किया जाये, वेतन कर्मचारी के बैंक खाते में ही किया जाये।
- प्लेसमेंट कर्मचारियों से कार्यालयीन समयावधि में ही कार्य लिया जावे।
- प्लेसमेंट कर्मचारियों के लिए शासन से स्वीकृत सेटअप अनुसार ही कर्मचारी रखा जाये।
- पदाधिकारियों से चर्चा के बाद निगम आयुक्त विश्वदीप ने संघ की मांगो को पूरा करवाने के प्रति आश्वस्त किया।
- इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी संजना हरपाल, नीलू शर्मा,भोला, ललित, रवि, देवेंद्र, शैलेन्द्र दुबे, रूस्तम साहू, शकुन हरपाल, स्नेहा राजपूत, चंद्रकला, ओम बंजारे, अजीत कसार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# आज भाजपा का स्थापना दिवस 14 तक लगातार होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी का रविवार को स्थापना दिवस है। भाजपा ने स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल तक लगातार कार्यक्रमों का आयोजन करने का फैसला किया है। रायपुर शहर जिला के सभी 20 मंडलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बताया, 46वें स्थापना दिवस पर प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में भाजपा का ध्वज फहराएंगे। स्थापना दिवस के अवसर पर आतिशबाजी, फल और मिष्ठान वितरण किया जाना तय है। स्थापना दिवस पर सभी पार्टी कार्यालयों सहित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा स्थापना दिवस पर भाजपा का झंडा अपने अपने निवास की छत पर फहराना है और उसकी सेल्फी लेकर सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट करना है। 8 और 9 अप्रैल को सभी विधानसभाओं और मंडलों में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित करना है। सम्मेलनों में सभी जगह 3 वक्ताओं द्वारा 3 अलग विषयों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जाएगा। इसके मुख्य विषय भाजपा की चुनावी सफलता और संगठन विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल में विकसित भारत की ओर भारत की यात्रा होंगे।

न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा. प्र. क्र. अ - 6 (अ) / वर्ष 2024-25
सारागांव दि. 01/04/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका यशोदा बाई पति स्व. रामचंद साहू निवासी- ग्राम कपसदा रायपुर द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम - सिलयारी प.ह.न. 07, रा.नि.म. धरसींवा 01, तह व जिला रायपुर के अंतर्गत खसरा नं. 313/2, 606/7, 667, 715/13, 731/4, 734/1 रकबा 0.1570, 0.0110, 0.2990, 0.2060, 02590, 0.1780 हे. कुल खसरा नं. 06 कुल रकबा 1.1100 हे. आवेदिका के नाम से संयुक्त खाते मे दर्ज है। वर्तमान भू-राजस्व अभिलेख बी-1 पांचसाला खसरा में आवेदिका का नाम पालकी पिता रामचंद साहू अंकित है जो कि गलत नाम है। आवेदिका का वास्तविक नाम यशोदा बाई पिता रामचंद साहू है। अतः आवेदिका द्वारा अपना सही नाम सुधार किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15/04/2025 को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण जन को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्रीमती मोना अग्रवाल पति श्री दीपक अग्रवाल निवासी 16-19 बजरंग नगर, पानी टंकी के पास, आमापारा रायपुर शहर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ के स्वत्व, स्वामित्व, अधिकार व हित की ग्राम - भाठागाँव, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर शहर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ स्थित ख.नं. 684/3 क्षेत्रफल 0.157 हेक्ट. भूमि को मेसर्स जे.के. गोयल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर जितेन्द्र गोयल आत्मज रतनलाल गोयल निवासी 'रतन विला' सिल्वर स्प्रिंग केम्पस, गायत्री नगर, रायपुर शहर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ ने मुख्त्यारनामा का विधि विरूद्ध ढ़ग से एवं बिना प्रतिफल का भुगतान किये, उपरोक्त भूमि का विक्रय श्रीमती अनिता गोयल पति जितेन्द्र गोयल निवासी 'रतन विला' सिल्वर स्प्रिंग केम्पस, गायत्री नगर, रायपुर शहर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ के पक्ष में कपटपूर्वक ढ़ग से दिनांक 17/2/2020 को कर दिया गया है उपरोक्त विक्रय पत्र विधि विरूद्ध एवं कपटपूर्वक ढंग से निष्पादित किये जाने के कारण मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त विक्रय पत्र को सक्षम न्यायालय में चुनौती दिया जाकर एक व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया है, उपरोक्त व्यवहार वाद वर्तमान में माननीय प्रथम जिला न्यायाधीश रायपुर छत्तीसगढ़ के न्यायालय में व्यवहार वाद क्रमांक 39-ए/2025 पक्षकार श्रीमती मोना अग्रवाल विरूद्ध श्रीमती अनिता गोयल एवं अन्य पंजीबध्द किया जाकर न्याय निर्णयन हेतु लंबित है।

अतः उपरोक्त भूमि या उसके किसी भी भाग को श्रीमती अनिता गोयल पति जितेन्द्र गोयल के माध्यम से क्रय न करे अन्यथा विक्रेता के साथ साथ क्रेता भी विधिक कार्यवाही का भागी होवेगा साथ ही न्यायालय में प्रकरण लंबित होने के कारण क्रेता को कोई स्वत्व भी प्राप्त नहीं होवेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर छत्तीसगढ़
दिनांक-05/04/2025

सौरभ अग्रवाल
अधिवक्ता
टूरी हटरी, पुरानी बस्ती रायपुर छत्तीसगढ़
मो.नं. 99777-17028

तेज धूप ने दिखाई गर्मी

# चार दिन राहत के बाद राजधानी का तापमान फिर चालीस डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रदेश में दो दिन और चढ़ेगा पारा फिर बदली-बारिश का दौर

चार दिन गर्मी से राहत दिलाने वाला बादल छंट गया और शनिवार को शहर का पारा 40 डिग्री तक तक पहुंच गया। बादल और हल्की बारिश के बाद आई ठंडकता के गायब होते ही तेज धूप ने गर्मी दिखाई। अनुमान है कि अगले दो दिन पारा और चढ़ेगा जिससे गर्मी बढ़ेगी। इसके बाद बदली-बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। अप्रैल के महीने गर्मी का जोरदार असर दूसरे पखवाड़े में होने की संभावना है। अभी पारा चढ़ने और फिर बादल आने से गर्मी में उतार-चढ़ाव जैसी स्थिति रहने के आसार हैं। मार्च के अंतिम दिनों में रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में ताबड़तोड़ गर्मी रही। इसके बाद अप्रैल की शुरुआत राहत के साथ हुई। चार दिन तक छाने वाले बादल और कहीं-कहीं होने वाली बारिश की वजह से मौसम में ठंडकता लौट आई।



HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment

उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### वक्फ बोर्ड संशोधन बिल अल्पसंख्यकों के हित में



**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता तौकीर रजा ने कहा है कि वक्फ संशोधन बिल के लोकसभा में पारित और राज्यसभा में प्रस्तुत होना अल्पसंख्यकों के हित में एक बड़ा कदम है, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। श्री रजा ने कहा कि आज पूरा देश और अल्पसंख्यक समुदाय इस संशोधन विधेयक के समर्थन में खड़ा है, सिर्फ कांग्रेस अपने साम्प्रदायिक तुष्टीकरण के एजेंडे के चलते इस विधेयक का विरोध कर रही है। कांग्रेस नहीं चाहती कि ऐसा कठोर प्रावधान हो। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री रजा ने कहा कि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का विरोध कर कांग्रेस देश और अल्पसंख्यक समुदाय को गुमराह कर विपरीत माहौल बनाने की साजिश कर रही है। कांग्रेस अपने मंसूबों में कतई कामयाब नहीं होगी, क्योंकि जब यह कानून बनेगा, तब उसकी स्थिति अलग होगी। श्री रजा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वक्फ संपत्तियों के अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एक सख्त कदम उठाया है। अतिक्रमण कर जमीनों पर कब्जा जमाने वालों को हटाने की कोशिश प्रधानमंत्री मोदीजी ने की है और इसी उद्देश्य से वक्फ का यह बिल लाया गया है।

# वनकर्मचारियों का आंदोलन अवैधानिक, मुख्यालय ने दी कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ तथा छत्तीसगढ़ लघुवनोपज सहकारी समितियों में कार्यरत प्रबंधकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

लघुवनोपज संघ के हड़ताल पर जाने से तेंदूपत्ता खरीदी प्रभावित हो सकती है। इसके लिए वन मुख्यालय ने हड़ताल पर जाने वाले वनकर्मियों को तत्काल काम पर लौटने निर्देश जारी किया है। हड़ताल पर गए कर्मचारियों के वापस नहीं आने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। छत्तीसगढ़ वनकर्मचारी संघ ने 26 मार्च, तीन अप्रैल तथा राज्य लघुवनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ ने दो अप्रैल को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में लघुवनोपज संघ के सभी कार्यों का बहिष्कार करने की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही नौ मार्च से चरणबद्ध आंदोलन की जा रही है। मांग पूरी नहीं होने पर दो मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी गई है। लघुवनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ ने पांच अप्रैल से अनिश्चितकालिन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

**तेंदूपत्ता खरीदी सुचारू रूप से जारी रहे, इसलिए काम पर लौटने के दिए निर्देश**

#### मुख्यालय ने पत्र जारी कर कहा आंदोलन अनुचित

वन मुख्यालय ने लघुवनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ तथा वन कर्मचारी संघ को पत्र जारी कर कहा है कि राज्य लघुवनोपज संघ तेंदूपत्ता के व्यापार के लिए नोडल एजेंसी है। समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता खरीदी कर वनवासियों को आजीविका प्रदाय की जाती है। तेंदूपत्ता खरीदी मौसमी आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। आंदोलन से तेंदूपत्ता खरीदी प्रभावित होगा। इससे वनवासी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की आय प्रभावित होगा। वन मुख्यालय ने आंदोलन को अनुचित बताया।




#### डरने वाले नहीं

पदोन्नति, वेतनमान हमारी वर्षों पुरानी मांग है, इसके लिए हमने चरणबद्ध आंदोलन करने के साथ शासन, प्रशासन को पत्र लिखा है। हम किसी भी तरह की दमनकारी नीति से डरने वाले नहीं हैं। तेदूपत्ता खरीदी फेडरेशन का काम है, मांग पूरी नहीं होने पर हम आंदोलन करने विवश हैं।

**- अजीत दुबे,** अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ वनकर्मचारी संघ

**गंतव्य तक जाने नहीं मिल रही ट्रेन**

# ट्रेनें रद्द होने से हजारों यात्रियों को नहीं मिल रही कनफर्म सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विकास कार्यों के चलते लगातार ट्रेनों का रद्द होना यात्रियों के लिए सिरदर्द बन गया है। शुक्रवार को 50 ट्रेनों के रद्द होने के बाद अब यात्रियों को अपनी तय तारीख पर सफर करने के लिए वैकल्पिक ट्रेनें नहीं मिल पा रही हैं। कुछ रूट्स पर ट्रेनें उपलब्ध हैं, लेकिन उन पर भी वेटिंग 60 से ऊपर है। इस तरह अब अप्रैल में ट्रेन से यात्रा करना यात्रियों के लिए और भी मुश्किल हो गया है। शनिवार को बड़ी संख्या में यात्री दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर के आरक्षण केंद्रों पर रिफंड लेने पहुंचे। एक साथ कई रूट्स की ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को कनेक्टिंग ट्रेन भी नहीं मिल पा रही है। इसके अतिरिक्त 28 ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग पर चलाने का फैसला लिया गया है, जिससे कई यात्रियों का सफर अब 3 से 4 घंटे लंबा हो गया है। ऐसे में अधिकतर यात्री रद्द ट्रेन के बाद दूसरी ट्रेनों में यात्रा करने का विकल्प तलाश रहे हैं।

- 28 ट्रेनों के परिवर्तित मार्ग से चलने के कारण सफर हो गया 3 से 4 घंटे लेट



#### लंबी दूरी की ट्रेन रद्द

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तहत सूरत, उत्तर प्रदेश और कटनी मार्ग पर पटरियों के निर्माण कार्य के कारण हावड़ा और मुंबई के बीच चलने वाली लंबी दूरी की कई ट्रेनों को रद्द किया गया है। इनमें से एक प्रमुख ट्रेन, गीतांजली एक्सप्रेस को 14 दिन के लिए रद्द कर दिया गया है, जिससे तीन राज्यों के यात्रियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त पुरी, जोधपुर, गांधीधाम और इंदौर एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनें भी रद्द कर दी गई हैं, जिससे यात्रियों को दूसरी ट्रेन की सुविधा नहीं मिल रही है। यात्रियों का कहना है कि खासकर शादी सीजन के दौरान ट्रेनों के रद्द होने से दिक्कत और बढ़ गई है। अब बसों के जरिए यात्रा करनी पड़ेगी, क्योंकि ट्रेनों के रद्द होने से अधिकतर ट्रेनों में वेटिंग बढ़ चुकी है।

# नुक्कड़ नाटक, रंगोली-स्लोगन व पेंटिंग स्पर्धा के जरिए लोगों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जल से जीवन है, जल को हम सबको मिलकर बचाना है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0) के तहत शनिवार को रायपुर जिले के तिल्दा क्षेत्र में जिला कृषि विभाग ने वाटरशेड यात्रा अभियान का आयोजन किया। इसके तहत प्रभात फेरी, रंगोली, स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पानी की पाठशाला जैसे कार्यक्रम आयोजित कर गांव के किसानों सहित आम लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पारंपरिक नृत्य का आयोजन भी किया गया।

कृषि विभाग के उपसंचालक व सह परियोजना प्रबंधक आरके कश्यप ने बताया कि जिले में पीएमकेएसवाय डब्ल्यूडीसी 2.0 के तहत तिल्दा रायपुर में वाटर सेट यात्रा का आयोजन किया। इस दौरान माइक्रो वॉटरशेड गनियारी में दीवाल लेखन एवं श्रमदान कार्यक्रम किए गए। इसके पश्चात माइक्रो वाटरशेड बंगोली में प्रभात फेरी, दीवाल लेखन,रंगोली, स्लोगन-पेंटिंग प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पानी की पाठशाला के अलावा लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

- पीएमकेएसवाय डब्ल्यूडीसी 2.0 के तहत तिल्दा क्षेत्र में चलाया गया वाटरशेड यात्रा अभियान




# सिद्ध चिकित्सा पर अनुसंधान को बढ़ावा देने सीसीआरएस और एम्स के बीच हुआ एमओयू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए दक्षिण भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति (सिद्ध चिकित्सा) पर अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए चेन्नई के सीसीआरएस और एम्स रायपुर के बीच एमओयू हुआ है। इसके माध्यम से कैंसर, मधुमेह जैसी अन्य बीमारियों के उपचार के लिए आधुनिक विकास और पारंपरिक ज्ञान को साथ लाने की पहल की जाएगी।

एकीकृत स्वास्थ्य सेवा और सहयोगात्मक चिकित्सा अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद (सीसीआरएस), चेन्नई के बीच शनिवार को एमओयू हुआ। इस दौरान एम्स के कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल और सीसीआरएस के महानिदेशक डा. एनजे मुथुकुमार सहित अन्य मौजूद रहे। एम्स के सिद्ध विभाग के चिकित्सा अधिकारी डा. वी लक्ष्मण कुमार ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा और सिद्ध प्रणाली के संयोजन से न केवल रोगी देखभाल को बेहतर बनाएगा बल्कि नैदानिक परीक्षणों को सुगम बनाने और दोनों चिकित्सा प्रणालियों की शक्तियों का लाभ उठाकर साक्ष्य-आधारित प्रथाओं को भी बढ़ावा देगा। एम्स के कार्यकारी निदेशक ने कहा कि यह एमओयू एक दूरदर्शी पहल है, जो समग्र और रोगी-केंद्रित देखभाल की सोच के अनुरूप है। सीसीआरएस चेन्नई के महानिदेशक ने कहा कि यह पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

- पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विकास को साथ लाने होगी पहल

### दुर्गा माता मंदिर में भक्तों ने की विशेष पूजा

**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि के महाष्टमी पर्व पर भनपुरी क्षेत्र में गोमाता दुर्गा माता मंदिर में शनिवार को विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया गया। यह पूजा गोमाता और दुर्गा माता के भक्तों ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर के पंडित भोला प्रसाद तिवारी ने बताया कि महाष्टमी की विशेष पूजा में बड़ी संख्या में गोमाता सेवक और दुर्गा माता के भक्त शामिल हुए और महाष्टमी पर्व पर गोसेवा कर शुभाशीष प्राप्त किया। माता दुर्गा का महाष्टमी पर्व पर विशेष श्रृंगार किया गया और सभी के जीवन में सुख-शांति प्रदान करने मातारानी के दिव्य श्रीचरणों में विशेष प्रार्थना, हवन-पूजन किया गया।



# सभापति की नाराजगी के बाद चौराहों प्रतिमा स्थलों से विज्ञापन होर्डिंग हटाए




**रायपुर।** शहर में चौराहों और महापुरुषों के प्रतिमा स्थलों से विज्ञापन, फ्लैक्स और पोस्टर को हटाने में नगर निवेश अमला जुट गया है। निगम सभापति सूर्यकांत राठौर की नाराजगी के बाद निगम अमला ने अभियान चलाकर शनिवार को शारदा चौक, तेलघानी नाका चौक से बैनर पोस्टर हटाने में तत्परता दिखाई।

सभापति सूर्यकांत राठौर के शपथग्रहण समारोह को लेकर उनके समर्थकों ने निगम मुख्यालय के सामने सड़क पर लगे पोल सहित कई जगहों पर शुभकामना संदेश के साथ उनकी फोटो लगे बैनर पोस्टर टांगे थे। सभापति ने पदभार संभालने के बाद शुक्रवार को गांधी सदन के सामने पोल पर जगह-जगह अपने बैनर पोस्टर लगे देखे, जिसे उन्होंने तत्काल हटाने अधिकारियों को निर्देशित किया। सभापति के निर्देश पर शहर को सुंदर बनाने अभियान चलाकर बैनर, पोस्टर हटाने अभियान चलाया।

निगम मुख्यालय और जोन 2 के नगर निवेश टीम ने रविवार को शहर के शारदा चौक स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा स्थल पर लगाई गई प्रचार सामग्री हटाई गई।

- शारदा चौक तेलघानी नाका से हटाए बैनर पोस्टर



## मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में 21 और 14 सौ मेगावाट के लगेंगे प्लांट

# प्रदेश में पानी से बनेगी 7300 मेगावाट बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश सरकार राज्य में बिजली का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। 14 हजार मेगावाट की योजनाओं पर काम चल रहा है। पहले चरण में बीते माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्रों के निर्माण का उद्घाटन किया है। इसी के साथ इस साल की पहली नई योजना का प्रारंभ हो गया है। अब पॉवर कंपनी का बड़ा फोकस प्रदेश में पानी से 7300 मेगावाट बिजली बनाने पर है। इसमें मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में पानी से 35 सौ मेगावाट बिजली बनाने के लिए दो संयंत्र लगेंगे। यहां पर 21 और 14 सौ मेगावाट के दो संयंत्रों लगेंगे। इसको लेकर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है और एमओयू भी हो गया है।

### पहली बार 660 मेगावाट के संयंत्र

छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र बनेंगे। इसके निर्माण कार्य का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर दिया है। इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 मेगावाट के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं। अब उसी स्थान पर नए संयंत्र पर काम प्रारंभ किया गया है।



प्रदेश में लगातार बिजली की खपत में इजाफा हो रहा है। अब तो खपत सात हजार मेगावाट तक जाने की संभावना हो गई है। मार्च में ही बिजली की खपत 65 सौ मेगावाट के पार हो गई है। जहां तक अपने राज्य में पॉवर कंपनी के संयंत्रों में बिजली के उत्पादन का सवाल है तो इसकी क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन हमेशा 22 से 25 सौ मेगावाट ही उत्पादन होता है। बिजली की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर या फिर निजी उत्पादकों से बिजली खरीदनी पड़ती है। अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बिजली का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार की मंजूरी से लगातार योजनाएं बना रही है।

### पांच स्थानों पर पानी से बनेगी बिजली

पानी से बिजली बनाने के लिए पांच स्थानों का चयन किया गया है। इसमें हसदेव बांगो कोरबा में 08 और सिकासेर बांध गरियाबंद में 12 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। जशपुर के डांगरी में 14 सौ मेगावाट और रौनी में 21 सौ मेगावाट का प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए तैयारी हो गई है। पहले चरण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में 35 सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन पानी से किया जाएगा। इसी के साथ बलरामपुर के कोटपल्ली में 18 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। इन स्थानों पर पंप हाइड्रो योजना के तहत 7300 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।







